डाक पंजीयन क्र. ई-2/ओ.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 28.12.2020 से 03.01.2021 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-52 ▶ मूल्य ₹10.00

देश के किसानों से संवाद

अब जो पैसा दिल्ली से निकलता है वह सीधा गरीब के खाते में पहुंचता है - प्रधानमंत्री

अटल जी ने सुशासन को बनाया जीवन का हिस्सा

होशंगाबाद, आज जो पैसा दिल्ली से चलता है वह सीधे किसानों के खातों में पहुंचता है। इससे बड़ा सुशासन क्या होगा? स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सुशासन को जीवन का हिस्सा बनाया और उन्हीं की परिकल्पना के अनुरूप आज देश में सुशासन लागू हो रहा है। राष्ट्र निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मैं उन्हें सादर नमन करता हूं। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली से देश के किसानों को वर्चुअल संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान होशंगाबाद जिले में आयोजित कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह के सदस्यों को हितलाभ वितरित करते हुये।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 9 करोड़ किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि की कुल 18 हजार करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के 78 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि कानून किसानों की समस्याओं और उनके हितों के दृष्टिगत गहन अध्ययन कर लागू किए गए हैं। पहले छोटे किसानों को अपनी फसल बेचने में परेशानी होती थी। नए कानून में उन्हें कई विकल्प दिए गए हैं, जिनके माध्यम से वे अपनी फसलों को अच्छे दाम पर बेच सकते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट अनुसार किसानों की फसल की लागत की डेढ़ गुना एम.एस.पी. निर्धारित की तथा अधिक फसलों को इसके दायरे में लाया गया।

अब कोई किसान को ठग नहीं सकता

श्री मोदी ने कहा कि नए कृषि अनुबंध कानून के अंतर्गत अब व्यापारी तथा अनुबंधकर्ता किसान को फसल का तय मूल्य देने के लिए कानूनन बाध्य है। अब कोई किसान को ठग नहीं सकता। अनुबंध करने पर अनुबंधकर्ता किसान को गुणवत्तापूर्ण फसल पैदा करने में सहायता भी करेगा। किसान की फसल बर्बाद होने पर भी अनुबंधकर्ता को फसल का निर्धारित मूल्य देना ही होगा।

किसानों की सुविधा के लिए मोबाइल एप

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब किसानों को सेवाओं के प्रदाय के लिए मोबाइल एप बनाया जा रहा है। इसके माध्यम से फसल बुवानी, नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन आदि की सुविधा प्राप्त होगी। अब गरीब युग समाप्त हो गया है, एक उपकरण के माध्यम से सीधे सीमांकन हो जाएगा। गैर विवादित नामांतरण के लिए सीधे ऑनलाइन आवेदन करने पर कार्य हो जाएगा।

फसल खरीदी अनुबंध के लिए सरल प्रोफार्मा

श्री चौहान ने कहा कि तीनों कृषि कानून किसानों के लिए लाभदायक हैं। अब किसान मंडी में अथवा मंडी के बाहर कहीं भी अपनी फसलें बेच सकता है। प्रदेश में मंडी शुल्क को घटाकर 50 पैसा कर दिया गया है। किसानों से फसल खरीदी अनुबंध के लिए मध्यप्रदेश सरकार एक सरल प्रोफार्मा बना रही है, जिससे किसानों को अनुबंध में आसानी हो तथा कोई भी किसानों के साथ गड़बड़ी न कर सके।

कृषि कानूनों को समझाने के लिए विकासखंडों में लगेंगे प्रशिक्षण शिविर

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान कानूनों के संबंध में भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रदेश के सभी विकासखंडों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। किसानों की सभी भ्रांतियां दूर की जाएंगी।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

निवेश बढ़ाने के क्षेत्र में मध्यप्रदेश भारत में अग्रणी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि निवेश संवर्धन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश भारत के अग्रणी राज्य के रूप में सामने आया है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम तथा सभी संबंधितों को बधाई दी है और कहा है कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। 'इन्वेस्ट इंडिया' और डीपीआईआईटी द्वारा कराए गए आईपीए सर्वे में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (MPIDC) पूरे भारत में अग्रणी निवेश संवर्धन एजेंसी के रूप में सामने आयी है। निवेश संवर्धन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश का स्कोर 97 प्रतिशत रहा है।

निवेशकों को आमंत्रित करने, मध्यप्रदेश में निवेश लाने, निवेशकों को सुविधाएं देने, उद्यमों के स्थापित होने के बाद उनका ध्यान रखने, अधोसंरचना विकास तथा वेबसाइट के मानदंडों में मध्यप्रदेश का स्कोर शत-प्रतिशत रहा है।

औद्योगिक नीति और श्रम कानूनों में आवश्यक परिवर्तन

मुख्यमंत्री ने कहा है कि हमने अपनी औद्योगिक नीति एवं श्रम कानूनों में आवश्यक परिवर्तन एवं सुधार कर मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है, यह इसी का परिणाम है। हमारा उद्देश्य मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक निवेश लाना तथा यहां के लोगों को अधिक से अधिक रोज़गार के अवसर मुहैया कराना है।

खास खबर

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा आवेदन के विलंब शुल्क में दी रियायत

भोपाल, शैक्षणिक सत्र 2020-21 की परीक्षाओं के लिए सभी छात्र अब 31 दिसम्बर तक सिर्फ सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ अपना परीक्षा आवेदन-पत्र जमा कर सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए विलम्ब शुल्क में रियायत दी है।

सभी छात्र 15 जनवरी 2021 तक दो हजार रुपये के साथ, 31 जनवरी 2021 तक पांच हजार रुपये के साथ और परीक्षा के प्रथम प्रश्न-पत्र प्रारंभ होने के 1 माह पूर्व तक दस हज़ार रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन-पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में इस निर्णय से विद्यार्थियों को काफी राहत मिलेगी।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

डी.जी.-आई.जी. कॉन्फ्रेंस

कोविड काल में अच्छे कार्य के लिए हुई मध्यप्रदेश पुलिस की सराहना

भोपाल, कोविड काल में मध्यप्रदेश की पुलिस द्वारा किए गए कार्य की राष्ट्र स्तर पर प्रशंसा हुई है। इसके लिए हमारा पुलिस महकमा बधाई का पात्र है। हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप मध्यप्रदेश की पुलिस कार्यप्रणाली को देश में सर्वश्रेष्ठ बनाना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गत दिनों ली गई देश के समस्त डी.जी. एवं आई.जी. कॉन्फ्रेंस के संदर्भ में आयोजित बैठक में कहीं।

'क्राइम एनालिसिस' एवं 'हॉट स्पॉट' को छांटने में आई.टी. का प्रयोग

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए 'क्राइम एनालिसिस' और अपराधों के 'हॉट स्पॉट' छांटने में आई.टी. का पूरा उपयोग किया जाना चाहिए। सी.सी.टी.वी. नेटवर्क को और उन्नत किया जाए। पी.एच.क्यू. में चीफ टेक्निकल ऑफीसर भी नियुक्त किया जाए।

महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध के मामलों में प्रभावी कार्यवाही की जानी चाहिए। इसके लिए सभी जिलों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बाल एवं किशोर न्यायालयों को 'चाइल्ड फ्रेंडली' बनाया जाए।

नक्सली क्षेत्रों में 'कम्यूनिटी रेडियो'

श्री चौहान ने कहा कि नक्सलवाद को रोकने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। आंध्रप्रदेश, उड़ीसा तथा छत्तीसगढ़ राज्यों की तरह मध्यप्रदेश की नक्सली आत्मसमर्पण योजना को बेहतर बनाएं। नक्सली क्षेत्रों में 'कम्यूनिटी रेडियो' प्रारंभ करें, जो वहीं की भाषा में लोगों को जानकारी दे।

मिशन मोड में हो भगोड़ों के विरुद्ध कार्यवाही

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि भगोड़ों के विरुद्ध मिशन मोड में कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे वे समाज में यहां-वहां न घूम सकें। गंभीर अपराधों (7 वर्ष से ऊपर सजा वाले) में एफ.एस.एल. विजिट अनिवार्य हो। जेलों के सुधार के संबंध में भी कार्य किया जाए। पुलिस अपना 'विजन 2030' तैयार करे। आंध्रप्रदेश की तर्ज पर 'इंटीग्रेटेड क्राइम मैनेजमेंट व्हीकल' तैयार की जा सकती है।

मध्यप्रदेश में खोला जा सकता है 'एन.एफ.एस.यू.' का कैंपस

मुख्यमंत्री ने 'नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी' से संबद्धता संबंधी बैठक में निर्देश दिए कि प्रदेश में अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस की दक्षता, ज्ञान, अत्याधुनिक प्रणाली का उपयोग आदि के लिए इस विश्वविद्यालय की पूरी सेवाएं ली जाएं। प्रदेश में 'नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी' का कैंपस खोला जा सकता है।

महिलाओं का सशक्तिकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, महिलाओं का सशक्तिकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में अधिक से अधिक महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जाए तथा स्व-सहायता समूहों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए। यह प्रसन्नता का विषय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बैंक लिंकेज पोर्टल पर प्रकरणों की प्रस्तुति एवं उनकी स्वीकृति की दृष्टि से मध्यप्रदेश भारत में प्रथम रहा है। मध्यप्रदेश के प्रस्तुत 82 हजार 342 महिला स्व-सहायता समूहों के प्रकरणों में से 32 हजार 62 एस.एच.जी. के प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा के क्रियान्वयन में भी मध्यप्रदेश भारत में प्रथम आया है। मध्यप्रदेश में इस वर्ष मनरेगा के अंतर्गत अभी तक 22810 ग्राम पंचायतों में से 22108 (97 प्रतिशत) ग्राम पंचायतों में 01 करोड़ 14 लाख 66 हजार सक्रिय मजदूरों में से 20 लाख 17 हजार 56 (17.59 प्रतिशत) मजदूरों को प्रतिदिन नियोजित किया जा रहा है, जो भारत में सर्वाधिक है।

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा ग्रीन टेक्नोलॉजी के अंतर्गत प्लास्टिक वेस्ट से सर्वाधिक लंबाई 7.5 हजार किलोमीटर के मार्ग निर्मित किए गए। इस कार्य में मध्यप्रदेश भारत में प्रथम रहा है। ई-मार्ग पोर्टल के माध्यम से कार्यों के भुगतान में भी मध्यप्रदेश प्रथम रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में भी मध्यप्रदेश में अच्छा कार्य हुआ है। इसमें मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश में 23 लाख 63 हजार 777 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

19 दिसम्बर

एयर टैक्सी इंडिया को डीजीसीए से मिली मंजूरी

●नागरिक विमानन नियामक ने भारत में एयर टैक्सी इंडिया एयरलाइन्स को

उड़ान संचालन की मंजूरी प्रदान की है। इस मंजूरी के साथ ही एयर टैक्सी इंडिया देश की एक और एयरलाइन कंपनी बन गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि एयर टैक्सी इंडिया एयरलाइन को कुछ दिन पहले परमिट मिला है। एयरलाइन अब क्षेत्रीय रूट पर अपनी उड़ानें भर सकेगी। एयर टैक्सी इंडिया एयरलाइन क्षेत्रीय रूट पर छोटे एयरक्राफ्ट के जरिये तीन यात्री क्षमता की उड़ानें संचालित करेगी।

●चिली की राजधानी सैंटियागो में चल रहा सरकार विरोधी प्रदर्शन तेज हो गया। राष्ट्रपति सबेस्टियन पिनेरा के इस्तीफे की मांग को लेकर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आये। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पेट्रोल बम फेंके। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिये वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। उल्लेखनीय है कि चिली में एक वर्ष पहले सामाजिक विरोध आंदोलन शुरू हुआ था। यह चिली में बड़ा सरकार विरोधी आंदोलन है।

●जापान में एक ज्वालामुखी पर आसमानी बिजली गिरने की अनोखी घटना घटी। जापान के सक्रिय साकुराजिमा ज्वालामुखी के लावा पर बिजली गिरी। बिजली गिरने से ज्वालामुखी फटने का दृश्य खौफनाक दिखा। विशेषज्ञों के अनुसार ज्वालामुखी फटने के साथ बिजली गिरने के पीछे राख के कणों की बड़ी भूमिका होती है। राख के कणों से स्थैतिक बिजली पैदा होती है, इस कारण बिजली कड़कती हुई दिखाई देती है।

20 दिसम्बर

पेंशनभोगी अब 28 फरवरी तक जमा करा सकेंगे प्रमाण-पत्र

●केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौर में पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देते

हुये जीवन प्रमाण-पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) जमा करने की समय-सीमा बढ़ा दी है। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पेंशनभोगी अब 28 फरवरी तक अपना जीवन प्रमाण-पत्र जमा करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह फैसला पेंशन बांटने वाले बैंकों में भीड़ जमा होने और कोरोना महामारी के खतरे से बचने सहित सभी संवेदनशील पहलुओं पर विचार करने के बाद लिया गया है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनभोगियों के लिये जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिये एक अक्टूबर से विशेष खिड़की की व्यवस्था भी की गई है। उल्लेखनीय है कि पेंशनभोगियों को प्रत्येक वर्ष जीवन प्रमाण-पत्र जमा कराना होता है।

●भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) ने सभी केंद्र संरक्षित स्मारकों एवं स्थलों पर आने-जाने वाले पर्यटकों की संख्या पर लगी ऊपरी सीमा कर समाप्त कर दिया है। एएसआई ने क्षेत्रीय निदेशकों और अधीक्षक पुरातत्वविदों के लिये एक एसओपी जारी की है। एसओपी के अनुसार संरक्षित स्मारकों एवं स्थलों में प्रतिदिन आने वाले पर्यटकों की संख्या के संबंध में फैसला अधीक्षक पुरातत्वविद करेंगे। जिन स्थलों पर इंटरनेट और क्यूआर कोड से जुड़ी समस्याएं हैं, वहां पर्यटन स्थल पर ही टिकटों की बिक्री शुरू की जा सकती है। अब केंद्र संरक्षित स्मारकों और स्थलों पर साउंड एंड लाइट शो भी शुरू किये जा सकते हैं।

●समुद्र में मछली पकड़ने के अधिकार को लेकर यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के बीच सप्ताह भर चली बातचीत बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। दोनों पक्षों के बीच समुद्र में मछली पकड़ने के अधिकार को लेकर तनातनी है। दोनों पक्षों के बीच 31 दिसम्बर तक समझौता होने की कोई उम्मीद नहीं है। समझौता नहीं होने की स्थिति में दोनों पक्षों को बड़ी आर्थिक हानि होगी, साथ ही लाखों लोगों पर रोज़गार संकट भी आयेगा।

21 दिसम्बर

तेंदुओं की संख्या में 60 फीसदी की बढ़ोतरी

●केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने

नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर रिपोर्ट जारी की। ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में तेंदुओं की संख्या 12,852 तक पहुंच गई है। जबकि इसके पहले 2014 में हुई गणना के अनुसार देश में 7,910 तेंदुए थे। इस अवधि में तेंदुओं की संख्या में 60 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। गणना के अनुसार मध्यप्रदेश में 3,421 तेंदुए, कर्नाटक में 1,783 तेंदुए और महाराष्ट्र में 1,690 तेंदुए हैं। यहां दूसरे राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा तेंदुए पाए गए हैं।

●केंद्रीय श्रम और रोज़गार मंत्री श्री संतोष गंगवार ने जम्मू और कश्मीर के बडगाम जिले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अस्पताल की आधारशिला रखी है। 100 बिस्तरीय यह अस्पताल चार मंजिला होगा और पांच एकड़ क्षेत्र में फैला होगा। इस अस्पताल में 23 स्पेशलिस्ट और 3 सुपर स्पेशलिस्ट सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। इस अस्पताल के निर्माण में 160 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। श्री गंगवार ने कहा कि ईएसआईसी पिछले कई वर्षों से सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश का कोई भी नागरिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज से वंचित नहीं रहना चाहिये।

●रूस हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय दृष्टिकोण से सहमत है। रूस ने कहा कि वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती महत्ता का पूरा समर्थन करता है। भारत में रूस के राजदूत निकोलाई कुदाशेव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि रूस हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत के दृष्टिकोण को समझता है, लेकिन इस इलाके को लेकर बनाई जा रही क्वाड रणनीति को लेकर रूस सरकार चिंतित है। उल्लेखनीय है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने क्वाडिलेटरल सिक्यूरिटी डायलॉग (क्वाड) समूह गठित किया है।

22 दिसम्बर

भारत ने ब्रिटेन से आने वाली सभी उड़ानें कीं स्थगित

●केंद्र सरकार ने ब्रिटेन से भारत आने वाली सभी उड़ानें 22 दिसम्बर से लेकर 31 दिसम्बर 2020 तक अस्थाई रूप से स्थगित कर दी हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कुछ देशों में कोरोना वायरस के एक नये स्ट्रेन के प्रसार से उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुये यह निर्णय लिया है। सरकार ने सभी ट्रांजिट उड़ानों से भारत आने वाले यात्रियों के लिये भारत पहुंचने पर हवाई अड्डे पर आरटी-पीसीआर जांच कराना अनिवार्य कर दिया है। भारत आने के बाद कोविड-19 पॉजिटिव पाये जाने के बाद यात्रियों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार क्वारेंटाइन किया जायेगा।

●स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के बाद यदि कोई

UGC
University Grants Commission

विद्यार्थी अगर किसी कारण से एडमिशन वापस लेता है, तो संबंधित विश्वविद्यालय को पूरी फीस वापस करनी होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। यूजीसी ने कहा कि वर्तमान हालात में लॉकडाउन और अन्य कारणों से अभिभावक आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में अगर कोई छात्र किसी कारणवश अपना एडमिशन वापस लेता है, तो संबंधित विश्वविद्यालय को उसे पूरी फीस वापस करनी होगी। यूजीसी ने कहा कि 30 नवंबर 2020 तक एडमिशन या माइग्रेशन रद्द करने वाले विद्यार्थी को पूरी फीस वापस मिलेगी। विश्वविद्यालय एक रुपये भी कैंसिलेशन चार्ज नहीं ले सकते। जबकि 31 दिसम्बर 2020 तक एडमिशन रद्द कराने वाले विद्यार्थियों को एक हजार रुपये प्रोसेसिंग फीस के तौर पर देने होंगे।

23 दिसम्बर

जनवरी-फरवरी में आयोजित नहीं होंगी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं

●केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बोर्ड परीक्षाएं जनवरी-फरवरी 2021 में आयोजित नहीं होंगी। अभी बोर्ड परीक्षाएं (10वीं और 12वीं) की तारीखें घोषित नहीं की गई हैं। ये परीक्षाएं जब भी होंगी ऑफलाइन मोड में आयोजित की जायेंगी। यह जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने देशभर के शिक्षकों के साथ वर्चुअल शिक्षा संवाद कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं फरवरी के बाद जरूर आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की स्थिति पर सलाह-मशविरे के बाद ही तारीखें तय की जायेंगी।

●जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रस्थान लाउंज में ट्राइब्स इंडिया के नये आउटलेट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मुंडा ने कहा कि समावेशी विकास केंद्र सरकार का मुख्य उद्देश्य रहा है। इसमें आदिवासियों सहित सभी वर्गों का विकास शामिल है, जो वंचितों का एक बड़ा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी में 126वें ट्राइब्स इंडिया शोरूम से आदिवासी हस्तशिल्प, हथकरघा और वनोपज की मार्केटिंग में मदद मिलेगी। इसके जरिये आदिवासी कारीगरों की आजीविका को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

●इजराइल में एक बार फिर राजनीतिक संकट गहरा गया है। इजराइल में बजट को लेकर पैदा हुआ गतिरोध नहीं सुलझ पाने के कारण पिछले दो वर्ष में चौथी बार चुनाव के आसार बन गये हैं। लिकुड पार्टी तथा ब्लू एंड वाइट पार्टी के बीच सहमति नहीं बनने के कारण बजट पारित होने की समय-सीमा दो सप्ताह के लिये बढ़ाने का प्रस्ताव 47 के मुकाबले 49 मतों से विफल हो गया है। अगर यह बजट पारित नहीं हो पाया तो इजराइली कानूनों के अनुसार संसद भंग कर 90 दिन के भीतर मध्यावधि चुनाव कराने पड़ेंगे।

24 दिसम्बर

अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों के खाते में जायेगी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति

●केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सीधे उनके बैंक अकाउंट में अंतरित करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के नियमों में बदलाव को मंजूरी प्रदान की है। इस बदलाव के तहत केंद्र सरकार अगले पांच वर्षों में चार करोड़ से अधिक अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति देगी। छात्रवृत्ति की राशि छात्रों के खाते में भेजने के लिये बैंक खाते का आधार से लिंक होना जरूरी होगा। केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री श्री थावरचंद गहलोत ने बताया कि नये नियम से छात्रवृत्ति की शुरुआत 2021-22 सत्र से होगी। इस योजना के तहत 59 हजार 48 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

●भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने अपने सभी ग्राहकों के लिये अलर्ट जारी

किया है। आरबीआई ने कहा कि अगर आप डिजिटल प्लेटफॉर्म या मोबाइल एप के जरिये लोन लेने के लिये एप्लाई कर रहे हैं तो सावधान हो जायें। इससे न सिर्फ ऊंची दरों पर ब्याज दिया जाता है, बल्कि आपके दस्तावेजों के साथ फर्जीवाड़ा भी किया जा सकता है। आरबीआई ने कहा कि इस तरह के लोन लेने से बचें। इसके अलावा इन प्लेटफॉर्म में पैसों की रिकवरी का तरीका भी गलत होता है। आरबीआई ने कहा कि लोगों को सलाह दी जाती है कि वे इस प्रकार की भ्रामक गतिविधियों को लेकर सतर्क रहें।

●केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) रिटर्न को लेकर कड़े कदम उठाये हैं। अब जीएसटी रिटर्न में किसी प्रकार की भी गड़बड़ी मिलने पर अधिकारी जीएसटी रजिस्ट्रेशन को बिना नोटिस दिये सस्पेंड कर सकेंगे। नये नियमों में जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिये लगने वाले समय को अधिकतम तीन दिन से बढ़ाकर सात दिन कर दिया है। इसके अलावा वित्त मंत्रालय ने ई-वे बिल की वैधता संशोधित की है। अब 200 किलोमीटर की दूरी के लिये ई-वे बिल की एक दिन की वैधता रहेगी। पहले यह वैधता 100 किलोमीटर के लिये थी।

25 दिसम्बर

भारत के अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म समारोह का समापन

●भारत के अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव के समापन सत्र को संबोधित करते हुए अमिताभ बच्चन ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में एक अहम भूमिका रही है। उन्होंने आम लोगों तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित ज्ञान एवं सूचनाओं को पहुंचाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस संदर्भ में उन्होंने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव के आयोजन को सराहनीय बताया है। इस विज्ञान महोत्सव का समन्वयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की स्वायत्त संस्था विज्ञान प्रसार द्वारा किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य फिल्मों, टेलीविजन कार्यक्रमों एवं अन्य संचार माध्यमों के जरिये विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के प्रयासों की सराहना कर उन्हें प्रोत्साहित करना है।

●फास्टैग के जरिये टोल संग्रह 24 दिसम्बर 2020 को रिकॉर्ड 50 लाख दैनिक लेनदेन के साथ पहली बार 80 करोड़ रुपये प्रति दिन के पार पहुंच गया जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अब तक 2.20 करोड़ से अधिक फास्टैग जारी किए गए हैं और राजमार्ग उपयोगकर्ताओं द्वारा फास्टैग को अपनाने से अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। वाहनों के लिए फास्टैग 1 जनवरी 2021 से अनिवार्य होने के साथ ही एनएचएआई ने टोल प्लाजा पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए हैं। फास्टैग को अपनाने से राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को टोल प्लाजा पर समय और ईंधन की बचत करने में मदद मिली है। केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में किए गए हालिया संशोधन से डिजिटल लेनदेन को उल्लेखनीय बढ़ावा मिला है।

●पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर हर साल 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। नागरिकों के जीवन की सुगमता सुनिश्चित करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के उद्देश्य के अनुरूप सम्पदा निदेशालय, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने एक नया वेब पोर्टल और मोबाइल एप ई-सम्पदा राष्ट्र को समर्पित किया। यह नया एप्लीकेशन एक लाख से ज्यादा सरकारी रिहायशी आवासों के आवंटन, 28 शहरों में स्थित 45 कार्यालय परिसरों में सरकारी संगठनों के लिए कार्यालय के स्थान का आवंटन, 1,176 हॉलीडे होम रूम्स तथा सामाजिक समारोहों के लिए 5 अशोक रोड जैसे स्थलों की बुकिंग आदि जैसी सभी सेवाओं के लिए सिंगल विंडो उपलब्ध कराता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 37, अंक 52 28.12.2020 से 03.01.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

कृषि विभाग की समीक्षा

कृषि विभाग द्वारा किसानों को इस बात को लेकर शिक्षित किया जाये कि वर्तमान रबी तथा खरीफ में कौन-सी फसल तथा कितनी मात्रा में लगायी जाये, जिससे उन्हें अच्छा उत्पादन मिल सके तथा बेहतर मूल्य प्राप्त हो। इसके लिये प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र में रबी और खरीफ फसलों की बुवाई के पहले इन फसलों की सूची प्रदर्शित की जाये। इस संबंध में प्रदेश के दोनों कृषि विश्वविद्यालय भी सक्रिय भूमिका निभाएं। कृषि से संबंधित विभिन्न योजनायें सैद्धांतिक न होकर व्यवहारिक हों, जिनका लाभ किसानों को मिल सके। जिन योजनाओं का लाभ किसानों के खेतों तक पहुंच ही न पाए ऐसी अनुपयोगी योजनाओं को बंद किया जाये। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित मंत्रालय में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों एवं कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से कृषि विभाग फसलों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करे, जिससे एकदम बीमारी लगकर फसलें समाप्त न हो जायें, जैसा इस बार सोयाबीन में हुआ। कृषि विभाग ने किसानों को अच्छी गुणवत्ता का बीज सुनिश्चित कराने के लिये प्रमाणित बीजों के पैकेट्स पर हॉलोग्राम अनिवार्य किया है। अगले खरीफ से यह प्रावधान लागू होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि कृषि क्षेत्र में आमदनी बढ़ाने के लिये गांवों के लिये समग्र कृषि विकास कार्यक्रम बनाये जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि 'लैब टू लैंड' कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालयों ने शोध कर योजना तैयार कर ली है। यह केवल शोध तक ही सीमित नहीं रहना चाहिये। शोध का लाभ किसान के खेत तक पहुंचना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सभी कृषि उपज मंडियों का विकास किया जा रहा है। प्रथम चरण में प्रदेश की 30 कृषि उपज मंडियों को आधुनिक हाईटेक बनाया जा रहा है। इनमें गोदाम भंडारण, मूल्य संवर्धन, शीत भंडारण और एग्री-क्लीनिक आदि सुविधाएं होंगी। ग्रेडिंग मशीनें भी लगाई जायेंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि किसानों को उनकी फसलों का बेहतर दाम दिलाने के लिये प्रदेश में अधिकाधिक किसान उत्पादक समूह बनाये जायें तथा वर्तमान किसान उत्पादक समूह को अधिक सक्रिय किया जाये। इससे किसान अपनी फसल सीधे बाजार में बेच पायेगा तथा इससे बिचौलिये भी कम होंगे। वर्तमान में प्रदेश में 394 किसान उत्पादक समूह सक्रिय हैं। किसान उत्पादक समूह में न्यूनतम 3 व्यक्ति हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी फसलों के लिये प्रति वर्ष 30 प्रतिशत बीज का प्रतिस्थापन होना चाहिये। किसानों को उन्नत बीज मिलना चाहिये। प्रदेश में बीज उत्पादक सहकारी समीतियों को और सक्रिय किया जाये। प्रदेश में वर्तमान में 50 जिलों में कृषि विज्ञान केंद्र संचालित हैं। शेष 2 जिलों- विदिशा एवं निवाड़ी में नये कृषि विज्ञान केंद्र खोले जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की प्रमुख फसलों- शरबती गेहूं, लाल ग्राम पिपरिया तुअर, काली मूंछ चावल, जीराशंकर चावल तथा चिन्नौर धान की जीआई टैगिंग करायी जाये। बासमती चावल की पीआई टैगिंग करायी जा रही है। कृषि अधोसंरचना विकास के लिये ऋण प्रदाय किये जाने की केंद्र सरकार की कृषि अधोसंरचना योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश भारत में प्रथम स्थान पर है। मध्यप्रदेश से 231 करोड़ रुपये के कुल 222 प्रकरण सत्यापित किये गये हैं। इनमें से 23 प्रकरणों में 21 करोड़ का ऋण वितरित किया गया है तथा 98 करोड़ के 87 प्रकरण बैंकों के पास ऋण वितरण के लिये लंबित हैं। शेष में कार्यवाही जारी है। इसके अंतर्गत सर्वाधिक प्रकरण वेयरहाउस के लिये 152 करोड़ के तथा इसके बाद कोल्ड स्टोरेज के लिये 26 करोड़ रुपये के सॉर्टिंग एवं ग्रेडिंग के लिये 2.2 करोड़ रुपये के तथा लॉजिस्टिक के लिये 2.02 करोड़ रुपये के प्रकरण प्रस्तुत किये गये हैं। प्रदेश के कुल 29 जिलों से प्रकरण प्रस्तुत किये गये हैं, जिनमें सर्वाधिक प्रकरण रायसेन से 38, भोपाल से 26, सीहोर से 15 तथा इंदौर से 14 प्रकरण प्रस्तुत किये गये हैं। मध्यप्रदेश शासन का कृषि विभाग प्रदेश के किसानों के लिये समय-समय पर उनकी बेहतरी के उपाय करता रहता है। इसका फायदा भी प्रदेश के किसानों को मिलता है।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

ऊष्मा चक्र - ऊष्मा जीवन की प्राथमिक जरूरतों में से एक है। इसकी आपूर्ति सौर विकिरण द्वारा होती है। पृथ्वी औसत रूप से वायुमंडल की ऊपरी सतह पर 1.94 कैलोरी प्रतिवर्ग सेंटीमीटर प्रति मिनट ऊर्जा प्राप्त करती है। पृथ्वी वायुमंडल के शीर्ष तक पहुंचने वाले विकिरण का आधे से कम भाग प्राप्त कर पाती है। इसका कुछ भाग वायुमंडल में ओजोन-परत द्वारा अवशोपित कर लिया जाता है। वायुमंडलीय जल वाष्प कार्बन डाइ ऑक्साइड और धूल कण के कुछ भाग को आकाश में परावर्तन कर देते हैं। पृथ्वी को केवल शेष भाग ही प्राप्त होता है। लेकिन यह प्रक्रिया यहीं समाप्त नहीं हो जाती। प्राप्त सौर विकिरण में से पृथ्वी दीर्घ तरंग विकिरण द्वारा कुछ भाग का पुनः विकिरण कर देती है, जिससे पार्थिव ऊर्जा का भंडार घटता है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस | 18 दिसम्बर

प्रवास व्यक्ति के जीवन में विकल्प हो, जरूरत नहीं

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

प्रवासी से आशय एक ऐसा व्यक्ति जो काम की तलाश में अपने देश को छोड़कर दूसरे देश में जाकर बस जाता है। जैसे- यदि कोई नागरिक ब्रिटेन, अमेरिका या किसी और देश में जाकर वहां बस जाए, तो उन्हें प्रवासी कहते हैं। विकसित देश जहां रोज़गार की बेहतर संभावनाएं हैं, जैसे अमेरिका, चीन, रूस, जापान, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी समेत कुछ ऐसे देश हैं, जहां बड़ी संख्या में दुनिया भर से आए प्रवासी रहते हैं। संपूर्ण विश्व की यदि हम बात करें तो दुनिया भर में लगभग 31 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी एशिया में, यूरोप में 30 प्रतिशत, अमेरिका में 26 प्रतिशत, अफ्रीका में 10 प्रतिशत और ओशिनिया में 3 प्रतिशत निवास करते हैं। ऐसे लोगों को समर्पित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस प्रतिवर्ष 18 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को इस बात के लिए शिक्षित करना है कि हर प्रवासी के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों और कठिनाइयों के बारे में लोगों को जागरूक करना है।

अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस मनाने की शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने सभी प्रवासी कामगारों के अधिकारों और उनके परिवारों के सदस्यों के संरक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को 18 दिसम्बर 1990 को अपनाया था। 4 दिसम्बर 2000 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा UNGA ने दुनिया में प्रवासी लोगों की बढ़ती संख्या को मान्यता दी और 18 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। सितम्बर 2016 में, UNGA ने शरणार्थियों और प्रवासियों के बड़े आंदोलनों को संबोधित करने के लिए एक उच्च-स्तरीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी की तथा मानवीय दृष्टिकोण के साथ अधिक से अधिक देशों को एक साथ लाने का लक्ष्य बनाया है। संयुक्त राष्ट्र प्रतिवर्ष सरकारों, संगठनों और इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले लोगों को इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित करता है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट ने दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा प्रवासी अमेरिका में निवास करते हैं।

2020 की थीम रीइमेजिंग ह्यूमन मोबिलिटी

अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस की वर्ष 2020 की थीम Reimaging Human Mobility यानी मानव गतिशीलता का पुनर्आकलन है। प्रवासियों के समाज को गढ़ने में योगदान के महत्व को समझा जाए। किसी भी समुदाय और समाज के निर्माण में जितना योगदान वहां के मूल निवासियों का होता है, उतना ही वहां बसने वाले प्रवासी भी करते हैं। वे भी अपने नॉलेज, नेटवर्क और स्किल्स के दम पर समाज और समुदाय के विकास में अपना योगदान देते हैं।

कोरोना काल और प्रवासियों का जीवन

एक प्रवासी के जीवन का सबसे बड़ा दर्द यही है कि वह जिस शहर में रोजी-रोटी के लिए जाता है, उसे वहां अपने परिवार से दूर होने, अपनी जमीन को छोड़ने की पीड़ा को तो सहनी ही पड़ती है, बल्कि नौकरी के जाने का भय, मकान के छूटने का भय, परदेश में किसी अपने का न होने का भय उसे लगातार सताता है। नोबल कोरोना वायरस कोविड-19 ने हम सभी के सामने मर्मस्पर्शी दृश्यों को लाकर रख दिया। अपने परिवार को चलाने के लिए उनसे दूर रहकर रोजी-रोटी कमाने के लिए गए प्रवासी मजदूरों ने बहुत संकट के दिन देखे। लॉकडाउन के दौरान हजारों किलोमीटर की यात्राएं पैदल किसी ने पूरी कीं, तो कोई साइकल पर सवार होकर आया। यूएन महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने कोरोना के संबंध में रिपोर्ट जारी करते समय अपने वीडियो संदेश में कहा कि कोरोना वायरस ने 27 लाख से ज्यादा प्रवासियों, खासतौर से महिलाओं और लड़कियों, को नकारात्मक रूप में प्रभावित किया है और चुनौतियां बहुत बढ़ा दी हैं, लेकिन साथ ही लोगों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए नए उपाय भी सामने आए हैं। यूएन प्रमुख ने देशों द्वारा शुरू की गई पहलों की तरफ़ ध्यान भी दिलाया जिनमें प्रवासियों को निवास और रोज़गार वाले कामकाज करने के दस्तावेज व बिना दस्तावेजों वाले प्रवासियों के दर्जे को नियमित करना और बंदी बनाने के बजाय, वैकल्पिक उपाय अपनाना शामिल हैं। यूएन प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश ने प्रवासियों की मदद के लिए प्रयासों को और ज़्यादा बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा, 'अभी और भी ज्यादा मदद की जा सकती है और करनी भी चाहिए।' एंतोनियो गुटेरेश ने तीन अनुशंसाओं की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सबसे पहले सहयोग करने की भावना गहराई से अपनाई जाए, क्योंकि कोई भी देश, अकेले प्रवास की चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने प्रवासी श्रम की महत्ता को उजागर किया है इसलिए देशों को उनके योगदान को सार्थक पहचान देनी होगी, जो कि निष्पक्ष और नैतिक नियुक्तियां करके, अच्छी परिस्थितियों वाला कामकाज देकर और उन्हें बिना किसी भेदभाव के, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराकर हो सकता है। यूएन प्रमुख ने कहा कि इन उपायों के साथ ही, मेज़बान समुदायों और प्रवासियों के बीच, सामाजिक समावेश और समरसता मजबूत की जाए और भेदभाव की समस्याओं का सामना किया जाए। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा, 'प्रवासियों को कलंकित ना किया जाए और उन्हें चिकित्सा उपचार व अन्य सार्वजनिक सेवाओं से वंचित ना किया जाए। हमें अपने समाज को, नफरत के वायरस का मुकाबला करने के लिए मजबूत बनाना होगा।' समाज को हमें ऐसा बनाने की जरूरत है कि व्यक्ति प्रवास को एक विकल्प के रूप में चुने न कि वह उसकी जरूरत बन जाए।

प्रवासियों के जीवन संघर्ष को समझा राष्ट्रपिता ने

महात्मा गांधी ने अपने जीवन का दो दशक से अधिक समय विदेश में बिताया। वह दक्षिण अफ्रीका में सबसे ज्यादा रहे। वे ऐसे प्रवासी भारतीय के रूप में अफ्रीका में रहे, जहां उन्होंने वहां रहने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया। गांधीजी को दक्षिण अफ्रीका जाते समय वहां भारतीयों के भेदभाव झेलने की असली वजह का अंदाजा नहीं था। उन्हें सिर्फ इतना ही मालूम था कि वहां भारतीयों को रंगभेद झेलना पड़ता है। लेकिन दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर बापू को पता चला कि कारोबार को लेकर द्वेष की भावना के कारण प्रवासी भारतीयों को भेदभाव झेलना पड़ता है। उन्होंने देखा कि मजदूर के रूप में वहां ले जाए गए ज्यादातर भारतीयों ने अतिरिक्त आमदनी के लिए छोटी-मोटी दुकानें खोल ली हैं और बेहतर मुनाफा कमाया है। यह देखकर गोरों ने भारतीयों के कारोबार में अड़चन डालने और उन्हें नुकसान पहुंचाने की नीति को अपनाया। यह जानकर भारतीयों के व्यवसाय को फलने-फूलने नहीं दिया जाता था कि भारतीय उद्यमियों को मौका मिला तो वे अपने हुनर से यूरोपीय लोगों को परास्त कर देंगे। इस तरह उन्होंने व्यापार और कारोबार में भारतीयों के साथ होने वाले भेदभाव को भी देखा। गांधी जी के प्रयासों से भेदभाव रुका। 21वीं सदी में भारत दुनिया में व्यापार और कारोबार का केंद्र बन रहा है। आज, दुनिया भर के प्रवासी भारतीय हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्हें हुनर, संपत्ति और मानव संसाधन का भंडार माना जाता है। आज 21वीं सदी में दुनिया भर में भारत के उद्यमी, वैज्ञानिक, अकादमिक, आर्किटेक्ट, इंजीनियर और रचनात्मक कलाकार के रूप में संपूर्ण विश्व में अपना लोहा मनवा रहे हैं।

कुछ तथ्य

आज हमारे विश्व की लगभग 3.5 फीसदी आबादी प्रवासी है जिन्होंने सन् 2019 में सैकड़ों बिलियन डॉलर अपने देश वापस भेजे जो ये दर्शाता है कि कई गरीब देशों की अर्थव्यवस्था में प्रवासियों का भी एक बहुत बड़ा भाग होता है। यहां तक कि अमेरिका की टॉप 500 फॉर्च्यून कंपनियों में से 40 फीसदी कंपनियां एशियाई हैं, जो ये दर्शाता है कि प्रवासी प्रतिभा की कमी के कारण नहीं बल्कि संसाधनों की कमी के कारण अपनी ज़मीन छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं।

प्रवासी शब्द सुनकर लॉकडाउन में पैदल चल रहे मजदूरों की छवि याद आती है जिससे हमारा मन व्याकुल हो उठा था लेकिन क्या प्रवासी शब्द बस उन मजदूरों तक समेट कर रह जाता है, नहीं प्रवासी इससे कहीं ज्यादा बढ़कर है और हममें से ज्यादातर लोग जो व्याकुल हुए वो इसलिए कि वे अकेले प्रवासी नहीं हैं, बल्कि हम सब में बहुत से लोग भी प्रवासी हैं, जो गांवों से शहर आए ताकि अच्छी शिक्षा और अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकें, इसलिए हम प्रवासी दिवस को प्रवासियों का न समझकर हम सबका एक हमारा दिन मानें तो हम उनके लिए एक बेहतर दुनिया ज़रूर बना सकते हैं, क्योंकि अगर हम खुद को नहीं बदलेंगे तो ऐसे एक क्या 100 दिवस भी प्रवासियों को बेहतर जिंदगी और हीनता के इस जीवन से छुटकारा नहीं दिलवा पाएंगे।

(फोटो गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा - 2019, परीक्षा दिनांक 12.01.2020 (रविवार)

लिखित परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र. 7061/04/2020/अनु.-10 **इंदौर, दिनांक : 21.12.2020**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित, विज्ञापन क्र.-03/2019/14.11.2019, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि- 09.12.2019, (1) शुद्धि पत्र क्र.-01/03/2019 दिनांक 18.11.2019 (परीक्षा शुल्क के संबंध में, (2) शुद्धि पत्र क्र.-02/03/2019 दिनांक 19.11.2019 (पद संयोजन के संबंध में), (3) शुद्धि पत्र क्र.-03/03/2019 दिनांक 05.11.2019 (पद संयोजन/पद संशोधन के संबंध में), (4) शुद्धि पत्र क्रमांक-04/03/2019 दिनांक 09.12.2019 (अधिकतम आयु सीमा एवं ऑनलाइन आवेदन अवधि में वृद्धि की सूचना के संबंध में), (5) शुद्धि पत्र क्रमांक-05/03/2019 दिनांक 12.12.2019 (पद संयोजन के संबंध में), (6) शुद्धि पत्र क्रमांक-06/03-04/2019, दिनांक 02.01.2020 (प्रवेश पत्र उपलब्धता अवधि में परिवर्तन की सूचना के संबंध में), (7) शुद्धि पत्र क्रमांक-07/03/2019, दिनांक 28.01.2020 (रिक्तियों की संख्या के संशोधन की सूचना के संबंध में), (8) शुद्धि पत्र क्रमांक-08/03/2019, दिनांक 17.12.2020 (रिक्तियों की संख्या में संशोधन एवं वर्दीधारी पदों हेतु आयु सीमा के निर्धारण की सूचना) के अंतर्गत कुल-571 पदों हेतु राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019, परीक्षा दिनांक 12.01.2020 (रविवार) को दो सत्रों में प्रथम प्रश्न-पत्र सामान्य अध्ययन प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न-पत्र सामान्य अभिरुचि परीक्षण अपरान्ह 02.15 से 04.15 बजे तक प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों पर परीक्षा आयोजित की गई थी।

2. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की श्रेणीवार कुल संख्या निम्नानुसार है :-

श्रेणी	कुल विज्ञापित पद	भूतपूर्व सैनिक के पद	दिव्यांगजन के पद
अनारक्षित (UR)	137	11	दृष्टिबाधित (VH)- 8
अनुसूचित जाति (SC)	79	2	श्रवणबाधित (HH)- 7
अनुसूचित जनजाति (ST)	102	3	अस्थिबाधित (OH)- 7
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	196	5	बहुविकलांग (MD)- 3
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	57	1	
कुल	**571**	**22**	**25**

3. सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक-एफ 7/46/2020/आ.प्र./एक दिनांक 15.12.2020 के परिपालन में अनारक्षित श्रेणी के पदों को 40 प्रतिशत मान्य करते हुये एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का प्रतिशत यथावत रखते हुये राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2019 का लिखित परीक्षा परिणाम घोषित किया जा रहा है। उपरोक्तानुसार प्रारंभिक परीक्षा में मुख्य परीक्षा हेतु 15 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल-10767 अभ्यर्थियों की श्रेणीवार सुची तैयार की गई है :-

श्रेणी	15 गुना+समान अंक	भूतपूर्व सैनिक 15 गुना+समान अंक	दिव्यांगजन 15 गुना+समान अंक
अनारक्षित (UR)	3613	172	दृ.बा. (VH)- 120
अनुसूचित जाति (SC)	1311	31	श्र.बा. (HH)- 106
अनुसूचित जनजाति (ST)	1645	15	अ.बा. (OH)- 115
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	3228	81	ब.वि.(MD)- 47
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	970	4	
कुल	**10767**	**303**	**कुल- 388**

4. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 के लिखित परीक्षा परिणाम में मुख्य परीक्षा हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह पाये गये कुल-10767 आवेदकों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE SERVICE PRELIMINARY EXAMINATION 2019
ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES (PROVISIONAL)

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1	100018	40	100451	79	100963	118	101507
2	100021	41	100463	80	100979	119	101556
3	100025	42	100467	81	100982	120	101573
4	100047	43	100480	82	101005	121	101583
5	100053	44	100481	83	101021	122	101589
6	100056	45	100483	84	101023	123	101599
7	100057	46	100493	85	101024	124	101601
8	100060	47	100502	86	101059	125	101609
9	100068	48	100510	87	101072	126	101612
10	100071	49	100525	88	101075	127	101620
11	100077	50	100574	89	101084	128	101621
12	100096	51	100579	90	101095	129	101626
13	100102	52	100592	91	101119	130	101647
14	100105	53	100596	92	101140	131	101704
15	100108	54	100633	93	101147	132	101716
16	100123	55	100642	94	101160	133	101733
17	100129	56	100647	95	101165	134	101746
18	100134	57	100659	96	101199	135	101747
19	100154	58	100664	97	101224	136	101748
20	100175	59	100705	98	101226	137	101782
21	100191	60	100726	99	101228	138	101789
22	100213	61	100747	100	101230	139	101795
23	100216	62	100751	101	101254	140	101812
24	100218	63	100768	102	101263	141	101819
25	100234	64	100794	103	101288	142	101830
26	100246	65	100813	104	101298	143	101846
27	100252	66	100819	105	101320	144	101850
28	100279	67	100822	106	101323	145	101854
29	100281	68	100827	107	101358	146	101861
30	100283	69	100832	108	101367	147	101863
31	100300	70	100856	109	101381	148	101871
32	100304	71	100859	110	101397	149	101887
33	100314	72	100863	111	101401	150	101949
34	100335	73	100869	112	101409	151	101984
35	100352	74	100885	113	101448	152	101987
36	100398	75	100892	114	101474	153	101994
37	100421	76	100896	115	101491	154	102026
38	100422	77	100935	116	101492	155	102033
39	100439	78	100953	117	101495	156	102035
157	102054	252	103031	347	104329	442	105575
158	102065	253	103032	348	104338	443	105576
159	102074	254	103039	349	104343	444	105587
160	102079	255	103049	350	104346	445	105595
161	102088	256	103052	351	104362	446	105607
162	102092	257	103057	352	104367	447	105612
163	102094	258	103069	353	104395	448	105619
164	102116	259	103076	354	104397	449	105622
165	102125	260	103083	355	104419	450	105634
166	102127	261	103102	356	104422	451	105639
167	102131	262	103126	357	104439	452	105641
168	102140	263	103145	358	104467	453	105642
169	102163	264	103205	359	104479	454	105668
170	102172	265	103237	360	104483	455	105680
171	102204	266	103284	361	104484	456	105722
172	102225	267	103291	362	104485	457	105733
173	102230	268	103297	363	104488	458	105747
174	102248	269	103303	364	104491	459	105764
175	102253	270	103338	365	104549	460	105768
176	102260	271	103344	366	104568	461	105785
177	102267	272	103364	367	104569	462	105796
178	102306	273	103376	368	104571	463	105801
179	102317	274	103388	369	104589	464	105812
180	102320	275	103389	370	104598	465	105818
181	102335	276	103399	371	104609	466	105824
182	102339	277	103400	372	104626	467	105879
183	102351	278	103418	373	104627	468	105894
184	102356	279	103425	374	104656	469	105899
185	102370	280	103429	375	104679	470	105910
186	102373	281	103445	376	104689	471	105936
187	102378	282	103461	377	104695	472	105938
188	102388	283	103468	378	104700	473	105946
189	102390	284	103471	379	104711	474	105956
190	102401	285	103477	380	104718	475	105961
191	102405	286	103484	381	104737	476	105962
192	102417	287	103503	382	104754	477	105973
193	102443	288	103531	383	104762	478	105977
194	102452	289	103544	384	104765	479	105988
195	102473	290	103552	385	104787	480	105992
196	102474	291	103553	386	104789	481	106000
197	102475	292	103561	387	104807	482	106008
198	102481	293	103563	388	104810	483	106031
199	102482	294	103579	389	104814	484	106046
200	102489	295	103581	390	104839	485	106051
201	102501	296	103592	391	104844	486	106084
202	102521	297	103608	392	104859	487	106087
203	102528	298	103610	393	104867	488	106090
204	102540	299	103617	394	104869	489	106091
205	102541	300	103628	395	104878	490	106116
206	102544	301	103634	396	104893	491	106119
207	102546	302	103647	397	104906	492	106151
208	102568	303	103651	398	104915	493	106154
209	102601	304	103653	399	104920	494	106172
210	102602	305	103656	400	104934	495	106233
211	102610	306	103664	401	104949	496	106253
212	102612	307	103674	402	104953	497	106262
213	102624	308	103702	403	104979	498	106284
214	102631	309	103703	404	104992	499	106286
215	102639	310	103705	405	105013	500	106305
216	102647	311	103715	406	105050	501	106309
217	102653	312	103783	407	105052	502	106314
218	102673	313	103806	408	105101	503	106317
219	102679	314	103824	409	105107	504	106343
220	102685	315	103857	410	105110	505	106349
221	102689	316	103871	411	105127	506	106364
222	102694	317	103880	412	105152	507	106382
223	102708	318	103891	413	105171	508	106388
224	102714	319	103905	414	105207	509	106391
225	102724	320	103912	415	105245	510	106404
226	102725	321	103917	416	105255	511	106408
227	102732	322	103919	417	105260	512	106411
228	102745	323	103928	418	105268	513	106419
229	102748	324	103929	419	105270	514	106458
230	102772	325	103947	420	105290	515	106472
231	102774	326	103966	421	105304	516	106481
232	102777	327	103974	422	105307	517	106490
233	102782	328	103982	423	105309	518	106500
234	102786	329	103995	424	105312	519	106511
235	102792	330	104015	425	105340	520	106547
236	102803	331	104025	426	105343	521	106576
237	102811	332	104035	427	105344	522	106579
238	102825	333	104050	428	105383	523	106616
239	102844	334	104053	429	105387	524	106655
240	102855	335	104104	430	105394	525	106675
241	102873	336	104125	431	105400	526	106722
242	102875	337	104131	432	105416	527	106725
243	102885	338	104147	433	105417	528	106728
244	102939	339	104149	434	105431	529	106742
245	102941	340	104183	435	105441	530	106783
246	102972	341	104243	436	105474	531	106792
247	102973	342	104257	437	105476	532	106816
248	102974	343	104266	438	105496	533	106821
249	102986	344	104278	439	105530	534	106824
250	102996	345	104279	440	105543	535	106832
251	103014	346	104305	441	105568	536	106865

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
537	106874	642	108111	747	109342	852	110612	957	112129	1062	113440	1167	114861	1272	116176
538	106881	643	108128	748	109345	853	110617	958	112130	1063	113460	1168	114876	1273	116189
539	106886	644	108176	749	109394	854	110626	959	112131	1064	113468	1169	114884	1274	116194
540	106887	645	108213	750	109405	855	110657	960	112137	1065	113470	1170	114887	1275	116198
541	106889	646	108214	751	109418	856	110690	961	112144	1066	113523	1171	114890	1276	116221
542	106900	647	108215	752	109421	857	110699	962	112157	1067	113528	1172	114901	1277	116233
543	106906	648	108245	753	109433	858	110716	963	112168	1068	113557	1173	114905	1278	116239
544	106911	649	108252	754	109456	859	110720	964	112181	1069	113563	1174	114946	1279	116276
545	106936	650	108253	755	109481	860	110741	965	112206	1070	113579	1175	114951	1280	116285
546	106974	651	108256	756	109498	861	110756	966	112208	1071	113619	1176	114954	1281	116302
547	106976	652	108273	757	109530	862	110757	967	112221	1072	113623	1177	114960	1282	116323
548	107033	653	108279	758	109559	863	110785	968	112231	1073	113656	1178	114978	1283	116328
549	107040	654	108285	759	109566	864	110809	969	112235	1074	113680	1179	114979	1284	116330
550	107044	655	108287	760	109589	865	110837	970	112238	1075	113687	1180	115028	1285	116335
551	107056	656	108291	761	109627	866	110842	971	112244	1076	113714	1181	115029	1286	116336
552	107060	657	108300	762	109641	867	110864	972	112248	1077	113716	1182	115039	1287	116344
553	107078	658	108302	763	109645	868	110868	973	112263	1078	113717	1183	115074	1288	116354
554	107082	659	108305	764	109666	869	110875	974	112268	1079	113739	1184	115085	1289	116378
555	107095	660	108323	765	109676	870	110876	975	112282	1080	113749	1185	115107	1290	116389
556	107097	661	108334	766	109682	871	110924	976	112284	1081	113750	1186	115110	1291	116393
557	107099	662	108368	767	109686	872	110928	977	112292	1082	113767	1187	115129	1292	116400
558	107109	663	108369	768	109706	873	110937	978	112308	1083	113771	1188	115138	1293	116428
559	107117	664	108374	769	109723	874	110940	979	112310	1084	113777	1189	115156	1294	116460
560	107118	665	108377	770	109730	875	110942	980	112314	1085	113819	1190	115174	1295	116505
561	107124	666	108382	771	109738	876	110943	981	112351	1086	113830	1191	115198	1296	116506
562	107148	667	108385	772	109757	877	110980	982	112357	1087	113838	1192	115218	1297	116520
563	107161	668	108395	773	109781	878	111009	983	112397	1088	113864	1193	115219	1298	116532
564	107164	669	108403	774	109785	879	111011	984	112436	1089	113876	1194	115233	1299	116558
565	107174	670	108416	775	109830	880	111014	985	112438	1090	113892	1195	115253	1300	116615
566	107204	671	108417	776	109837	881	111028	986	112455	1091	113908	1196	115256	1301	116632
567	107207	672	108428	777	109844	882	111031	987	112511	1092	113926	1197	115266	1302	116640
568	107215	673	108431	778	109846	883	111047	988	112517	1093	113941	1198	115271	1303	116647
569	107216	674	108446	779	109847	884	111054	989	112556	1094	113952	1199	115273	1304	116659
570	107227	675	108454	780	109851	885	111089	990	112563	1095	113956	1200	115310	1305	116664
571	107240	676	108457	781	109859	886	111094	991	112581	1096	113963	1201	115322	1306	116679
572	107247	677	108464	782	109866	887	111109	992	112596	1097	113972	1202	115348	1307	116683
573	107249	678	108478	783	109872	888	111113	993	112609	1098	113982	1203	115351	1308	116698
574	107250	679	108502	784	109885	889	111136	994	112621	1099	113986	1204	115365	1309	116706
575	107251	680	108518	785	109886	890	111138	995	112632	1100	113990	1205	115366	1310	116710
576	107257	681	108555	786	109929	891	111143	996	112653	1101	114001	1206	115380	1311	116740
577	107270	682	108560	787	109930	892	111182	997	112662	1102	114013	1207	115385	1312	116780
578	107273	683	108563	788	109933	893	111184	998	112667	1103	114024	1208	115415	1313	116784
579	107274	684	108598	789	109939	894	111202	999	112701	1104	114045	1209	115424	1314	116787
580	107323	685	108624	790	109951	895	111215	1000	112706	1105	114057	1210	115435	1315	116808
581	107346	686	108636	791	109959	896	111225	1001	112708	1106	114064	1211	115439	1316	116836
582	107366	687	108641	792	109966	897	111228	1002	112712	1107	114065	1212	115443	1317	116837
583	107368	688	108643	793	109972	898	111244	1003	112714	1108	114069	1213	115454	1318	116881
584	107372	689	108648	794	109978	899	111252	1004	112731	1109	114073	1214	115462	1319	116921
585	107374	690	108686	795	109979	900	111265	1005	112732	1110	114080	1215	115463	1320	116922
586	107384	691	108708	796	109983	901	111274	1006	112745	1111	114126	1216	115498	1321	116933
587	107400	692	108711	797	109985	902	111302	1007	112746	1112	114138	1217	115505	1322	116939
588	107405	693	108735	798	109996	903	111310	1008	112789	1113	114148	1218	115506	1323	116949
589	107414	694	108742	799	109998	904	111316	1009	112792	1114	114162	1219	115526	1324	116974
590	107434	695	108743	800	110005	905	111320	1010	112797	1115	114173	1220	115543	1325	116984
591	107444	696	108752	801	110007	906	111340	1011	112807	1116	114175	1221	115546	1326	116997
592	107446	697	108758	802	110010	907	111344	1012	112809	1117	114183	1222	115559	1327	117012
593	107468	698	108759	803	110015	908	111357	1013	112816	1118	114186	1223	115561	1328	117022
8228	357914	8337	361633	8446	365542	8555	371047	8664	376089	8773	379151	8882	382316	8991	385710
8229	357924	8338	361639	8447	365556	8556	371055	8665	376128	8774	379152	8883	382366	8992	385743
8230	358018	8339	361658	8448	365634	8557	371074	8666	376174	8775	379170	8884	382420	8993	385758
8231	358136	8340	361695	8449	365659	8558	371143	8667	376183	8776	379171	8885	382436	8994	385773
8232	358151	8341	361721	8450	365747	8559	371158	8668	376196	8777	379201	8886	382503	8995	385776
8233	358159	8342	361728	8451	365768	8560	371187	8669	376199	8778	379267	8887	382557	8996	385794
8234	358191	8343	361765	8452	365841	8561	371208	8670	376276	8779	379294	8888	382614	8997	385840
8235	358205	8344	361824	8453	365863	8562	371287	8671	376279	8780	379336	8889	382616	8998	385847
8236	358232	8345	361906	8454	365946	8563	371330	8672	376282	8781	379345	8890	382625	8999	385913
8237	358274	8346	361913	8455	365969	8564	371338	8673	376296	8782	379385	8891	382643	9000	385920
8238	358334	8347	361927	8456	365990	8565	371392	8674	376298	8783	379463	8892	382687	9001	385957
8239	358344	8348	361938	8457	366004	8566	371460	8675	376303	8784	379470	8893	382711	9002	386031
8240	358376	8349	361954	8458	366064	8567	371492	8676	376324	8785	379484	8894	382752	9003	386036
8241	358378	8350	361980	8459	366068	8568	371549	8677	376341	8786	379552	8895	382835	9004	386060
8242	358490	8351	361993	8460	366182	8569	371583	8678	376347	8787	379585	8896	382840	9005	386105
8243	358527	8352	362003	8461	366185	8570	371660	8679	376368	8788	379592	8897	382867	9006	386123
8244	358569	8353	362033	8462	366254	8571	371681	8680	376385	8789	379622	8898	382897	9007	386125
8245	358579	8354	362138	8463	366288	8572	371810	8681	376457	8790	379667	8899	382905	9008	386129
8246	358610	8355	362176	8464	366310	8573	371828	8682	376487	8791	379685	8900	382919	9009	386133
8247	358611	8356	362198	8465	366345	8574	371839	8683	376491	8792	379716	8901	382950	9010	386143
8248	358656	8357	362240	8466	366413	8575	371903	8684	376520	8793	379766	8902	382972	9011	386149
8249	358720	8358	362248	8467	366454	8576	371963	8685	376569	8794	379834	8903	382973	9012	386192
8250	358818	8359	362255	8468	366460	8577	371978	8686	376591	8795	379848	8904	382980	9013	386254
8251	358939	8360	362322	8469	366466	8578	371991	8687	376626	8796	379858	8905	382983	9014	386368
8252	358985	8361	362324	8470	366496	8579	371993	8688	376666	8797	379894	8906	383027	9015	386397
8253	359001	8362	362326	8471	366559	8580	372024	8689	376679	8798	379945	8907	383038	9016	386445
8254	359007	8363	362409	8472	366673	8581	372051	8690	376699	8799	379954	8908	383108	9017	386450
8255	359025	8364	362423	8473	366692	8582	372111	8691	376719	8800	379971	8909	383129	9018	386477
8256	359047	8365	362424	8474	366703	8583	372237	8692	376737	8801	380051	8910	383132	9019	386565
8257	359055	8366	362452	8475	366718	8584	372301	8693	376739	8802	380114	8911	383199	9020	386590
8258	359090	8367	362458	8476	366783	8585	372362	8694	376749	8803	380138	8912	383233	9021	386623
8259	359110	8368	362472	8477	366810	8586	372401	8695	376757	8804	380204	8913	383254	9022	386651
8260	359207	8369	362531	8478	366852	8587	372513	8696	376847	8805	380231	8914	383265	9023	386678
8261	359236	8370	362537	8479	366894	8588	372583	8697	376858	8806	380245	8915	383267		
8262	359269	8371	362544	8480	366909	8589	372684	8698	376889	8807	380252	8916	383299		

(शेष पृष्ठ 19 पर)

बड़ी विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करें - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में क्रियान्वित बड़ी विकास परियोजनाओं की प्रत्येक माह समीक्षा की जायेगी। प्रगतिरत योजनाओं की समीक्षा प्रगति पोर्टल पर की जायेगी। पूर्व के कार्यकाल में मुख्यमंत्री द्वारा इस पोर्टल पर योजनाओं की समीक्षा की जाती थी। इससे योजनाओं पर शीघ्रता से अमल होगा और समय पर योजनाएं पूर्ण होंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रगतिरत योजनाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकारी बड़ी परियोजनाओं और निजी क्षेत्र के सहयोग से प्रदेश में प्रगतिरत बड़ी परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा किया जाए। संबंधित शासकीय विभाग आवश्यक स्वीकृतियां अविलम्ब प्रदान करें और कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। परियोजना से प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

सिवनी जिले की बंडोल समूह जल प्रदाय योजना

सिवनी जिले में बंडोल समूह जल प्रदाय योजना 237 करोड़ 57 लाख रुपये लागत की है। इसमें 206 ग्रामों में नल से पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इसे आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर 31 मार्च 2021 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। योजना का कार्य 75 प्रतिशत तक पूरा हो गया है।

राजगढ़ जिले की गोरखपुरा समूह जल प्रदाय योजना

राजगढ़ जिले में गोरखपुरा समूह जल प्रदाय योजना 161 करोड़ रुपये की लागत की है। इस योजना में 163 ग्रामों में नल से जल प्रदाय होगा। योजना अंतर्गत 89 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। इस योजना को 31 मार्च 2021 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

एडीबी-3

मध्यप्रदेश पारेषण एवं वितरण प्रणाली उन्नयन परियोजना, जो कि 1786 करोड़ रुपये की लागत की है, को जून 2021 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। परियोजना का 98 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। एशियाई विकास बैंक के सहयोग से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

नवीनीकरण ऊर्जा के लिये ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर परियोजना

इस परियोजना के द्वारा सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, लघु एवं लघुतम जल विद्युत ऊर्जा और बायोमास आधारित योजना से 5800 मेगावॉट ऊर्जा का उत्पादन होना है। योजना 2100 करोड़ रुपये की है। 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। श्री चौहान ने कहा कि यह परियोजना मध्यप्रदेश के लिये अतिमहत्वपूर्ण है।

मध्यप्रदेश की स्वरोज़गार योजनाओं में होगा सुधार - मुख्यमंत्री

युवाओं, गरीबों और लघु व्यवसायियों को मिलेगी सम्मानजनक आजीविका

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर ऋण वितरण कार्यक्रम में हितलाभ वितरित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश की स्वरोज़गार योजनाओं में परिवर्तन लाया जायेगा, जिससे प्रतिभावान युवाओं और गरीब एवं छोटे-छोटे व्यवसाय करने वालों को सम्मानजनक आजीविका और आर्थिक सुरक्षा मिल सके। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मिंटो हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय ग्रामीण स्ट्रीट वेण्डर्स ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 20 हजार ग्रामीण स्ट्रीट वेण्डर्स (ग्रामीण लघु व्यवसायियों) के खातों में सिंगल क्लिक द्वारा 10-10 हजार रुपये की ब्याज मुक्त ऋण राशि पहुंचायी। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना में ग्रामीण छोटे व्यवसासियों को 10-10 हजार रुपये का ब्याज रहित ऋण उनके कार्य के लिये बैंक से दिलाया जाता है। क्रेडिट गारन्टी राज्य शासन देता है।

श्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण पथ विक्रेता निश्चिंत होकर अपना कारोबार करें। उनके आर्थिक सामाजिक सशक्तिकरण के लिये जहां जरूरत होगी राज्य सरकार साथ रहेगी। सरकार का प्रयास है कि पथ विक्रेताओं को रोज़गार, सम्मान और सुरक्षा मुहैया करायी जाये ताकि वे स्वाभिमान के साथ अपना व्यवसाय करते हुये आगे बढ़ें और खुशहाल जीवन जियें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय बैंक से बड़े व्यवसाय करने वालों को ही ऋण मिलता था। बैंक लघु व्यवसाय करने वालों को ऋण नहीं देते थे। राज्य सरकार की योजना से लघु व्यवसाय करने वालों को सरकार की गारंटी पर लोन दिलवाया गया है। कोरोना काल में लघु व्यवसायियों का व्यवसाय बन्द हो गया था। प्रधानमंत्री जी ने शहरी स्ट्रीट वेण्डर्स योजना बनायी और राज्य सरकार ने ग्रामीण स्ट्रीट वेण्डर्स योजना बनायी।

हितग्राहियों का पंजीयन

श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट वेण्डर योजना के तहत 8 लाख 52 हजार से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन किया जा चुका है। अब तक 60 हजार से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरण कार्य पूर्ण हो गया है। यह कार्य आगे भी चलता रहेगा।

व्यवस्थित बाजार और हॉकर्स जोन बनेंगे

श्री चौहान ने कहा कि किसी भी गरीब लघु व्यवसायी को परेशान नहीं होने दिया जायेगा। उनके हित सुरक्षित रखे जाएंगे। शहरों में कई जगह हॉकर्स जोन बनाये गये हैं। इसी प्रकार गांवों में बाजारों को व्यवस्थित कर हॉकर्स जोन बनाये जाएंगे। जहां पथ व्यवसायी सम्मान के साथ बैठकर अपना व्यवसाय कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिन स्ट्रीट वेण्डर्स के पास गुमटी ठेला नहीं होगा उन्हें सामान बेचने की सुविधा भी दी जायेगी।

रोज़गार मुख्य लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के अंतर्गत रोज़गार मुख्य लक्ष्य है। स्वरोज़गार बेहतर है। आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों से जुड़े सदस्यों को भी समुचित ऋण की व्यवस्था की जायेगी, ताकि भाई-बहनें भी अपनी आयमूलक गतिविधियों को सुदृढ़ कर आगे बढ़ सकें। 28 दिसम्बर को 150 करोड़ रुपये राज्य शासन द्वारा स्व-सहायता समूहों के खातों में डाले जायेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि समय पर ऋण वापस करने वाले लघु व्यवसायियों को आगे बढ़ने के लिये पुनः 20 हजार और 50 हजार रुपये तक ऋण उपलब्ध कराने का इंतजाम राज्य सरकार करेगी। योजना को अभियान-आंदोलन स्वरूप में संचालित किया जायेगा।

स्टेट आईपीए रेटिंग में मध्यप्रदेश टॉप परफॉर्मर स्टेट

भोपाल, इन्वेस्ट इंडिया तथा डीपीआईआईटी द्वारा जारी स्टेट आईपीए रेटिंग रिपोर्ट में मध्यप्रदेश ने टॉप परफॉर्मर स्टेट का स्थान हासिल किया है। एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक श्री जॉन किंग्सली ने बताया कि मध्यप्रदेश ने स्टेट आईपीए रेटिंग की विभिन्न कैटेगरी में ओवरआल 97 प्रतिशत स्कोर किया है।

प्रबंध संचालक ने बताया कि स्टेट आईपीए रेटिंग के लिए 8 प्रमुख मापदंड तय किये गये हैं। इनमें टॉरगेटिंग इन्वेस्टर्स, विनिंग इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट, फैसिलिटेटिंग इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट, आफ्टरकेयर, सिस्टम एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा वेबसाइट संबंधित कुल 6 स्तंभों में 100 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया है। जबकि शेष दो मापदंड मेन्डेट एण्ड ऑर्गनाइजेशन में 90 प्रतिशत तथा स्ट्रेटजी एण्ड मार्केटिंग में 91 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किये हैं।

श्री किंग्सली ने कहा कि एमपीआईडीसी ने निवेश प्रोत्साहन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कदम उठाये हैं जिसके परिणामस्वरूप एमपीआईडीसी ने पूरे देश में लीडिंग इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेन्सी के रूप में अपना स्थान बनाया है। रिपोर्ट में निवेश प्रोत्साहन के लिये राज्य द्वारा उठाये गये कदमों तथा दूरदर्शी नीतियों की भी सराहना की गई है।

निजी भूमि पर लगाए गए नए वृक्षों को बिना अनुमति काट सकेंगे

निजी भूमियों पर सभी प्रजाति के पौधों के रोपण की रहेगी खुली छूट

भोपाल, प्रस्तावित वृक्षारोपण प्रोत्साहन अधिनियम 2020 के अंतर्गत किसानों एवं अन्य को उनके खेतों तथा निजी भूमियों पर लगाए गए नए वृक्षों को बिना अनुमति काटने की छूट होगी तथा वे अपनी भूमियों में सभी प्रजाति के वृक्ष लगा सकेंगे। वृक्षों से प्राप्त काष्ठ के परिवहन के लिए कुछ मामलों को छोड़कर टी.पी. से छूट दी जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रस्तावित वृक्षारोपण प्रोत्साहन अधिनियम 2020 के प्रावधानों संबंधी बैठक में कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में प्रस्तावित वृक्षारोपण प्रोत्साहन अधिनियम-2020 के प्रावधानों पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये।

पेड़ काटने की अनुमति के लिए वर्तमान में 07 कानून

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में पेड़ काटने की अनुमति लेने के लिए 07 कानून हैं, जिनके चलते पेड़ काटने की अनुमति में किसानों आदि को बहुत दिक्कत आती है। पेड़ काटने की अनुमति तहसीलदार द्वारा वन विभाग की अनुशंसा पर दी जाती है, वहीं इमारती लकड़ी की टी.पी. वन विभाग द्वारा दी जाती है।

काष्ठ उत्पादन से बढ़ेगा स्वरोज़गार

श्री चौहान ने कहा कि किसानों द्वारा अपने खेतों पर काष्ठ उत्पादन के लिए पेड़ लगाने, पेड़ काटने तथा परिवहन की सुविधा देने से किसानों को लाभ होगा तथा स्वरोज़गार में वृद्धि होगी। काष्ठ उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। काष्ठ उत्पादन बढ़ने से वनों पर काष्ठ चोरी का दबाव भी कम होगा।

प्रस्तावित वृक्षारोपण अधिनियम 2020 के महत्वपूर्ण प्रावधान

- निजी भूमियों पर वृक्षारोपण के लिए सभी प्रजातियों के रोपण की खुली छूट।
- उगाए गए वृक्षों को किसी भी उम्र में, बगैर किसी अनुमति के काट सकेंगे।
- अपने खेत तथा गांव में खुद का टाल स्थापित कर सकेंगे जहां से काष्ठ की बिक्री इत्यादि कर सकेगा।
- खेत से टाल तक इमारती काष्ठ के परिवहन पर छूट दी गयी है।
- टाल में इमारती काष्ठ की प्रसंस्करण इकाई स्थापित कर सकने की सशर्त सुविधा।
- विनिर्दिष्ट वनोपज को भी काटने तथा टाल तक लाने की छूट।
- विनिर्दिष्ट वनोपज की शासकीय ई-पोर्टल के माध्यम से खेत अथवा टाल से ही बिक्री करने और स्वयं बोली स्वीकार करने तथा सीधे भुगतान लेने की छूट।
- वृक्षों से प्राप्त काष्ठ के परिवहन हेतु कुछ मामलों को छोड़कर टी.पी. से छूट।
- कृषकों को सभी प्रकार के परिवहन अनुज्ञा पत्र इलेक्ट्रॉनिक तरीके से प्राप्त होंगे।

निवेशकों ने प्रदेश में 360 करोड़ रुपये निवेश के दिये प्रस्ताव

भोपाल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव से मंत्रालय में निवेशकों ने भेंट की तथा प्रदेश में कुल 360 करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव दिये। निवेशकों ने 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' रोडमैप-2023 तथा मध्यप्रदेश में उद्योग-मित्र वातावरण की प्रशंसा की।

कम्पनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि आईवी ग्रुप राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ ने मध्यप्रदेश में 300 करोड़ रुपये की लागत से 2 हजार टीपीडी क्षमता का सोया आधारित सॉल्वेंट एक्सट्रेक्शन एण्ड रिफायनरी इकाई लगाने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित परियोजना से लगभग 700 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोज़गार तथा बड़े पैमाने पर अप्रत्यक्ष रोज़गार भी प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी बताया कि सोया प्लांट से सोयाबीन की खेती में संलग्न कृषकों को भी लाभ प्राप्त होगा। कम्पनी के प्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश रोडमैप 2023 से प्रेरित होकर समूह राजस्थान के स्थान पर मध्यप्रदेश में निवेश करना चाहता है।

मेसर्स बेस्ट लाइफ स्टाइल एपरेल प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी ने उज्जैन में लगभग 60 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से होजरी गारमेंट निर्माण इकाई की स्थापना का प्रस्ताव दिया। कम्पनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि परियोजना से लगभग 4 हजार व्यक्तियों को 2 पाली में रोज़गार प्राप्त होना संभावित है।

मेसर्स बेस्ट कॉर्पोरेशन प्रायवेट लिमिटेड तिरुपुर तमिलनाडु में स्थित टेक्सटाइल सेक्टर की विख्यातनाम कम्पनी है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश द्वारा गारमेंट निर्माण क्षेत्र को दी जा रही विशेष सुविधाओं एवं निवेशक-मित्र वातावरण को दृष्टिगत रखते हुए कम्पनी ने उज्जैन में परियोजना क्रियान्वयन का प्रस्ताव दिया है।

पुस्तकें तैयार करने में मापदंडों और गुणवत्ता का रखें ध्यान

भोपाल, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के शासक मंडल की बैठक में निर्देश दिए कि पुस्तकों को तय मापदंडों के अनुरूप तैयार करें। कागज उत्तम श्रेणी का क्रय करें। पुस्तकों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। श्री परमार ने निर्देश दिए कि पुस्तकों के कागज और छपाई की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये प्रत्येक जिले में एक जिला स्तरीय समिति का गठन करें। पुस्तकों के मुद्रण भंडारण एवं परिवहन की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

शहडोल संभाग में प्रारंभ किया जाएगा जनजातीय संग्रहालय

जनजातीय परम्पराओं की रक्षा के साथ प्रगति के हों प्रयास

भोपाल, जनजातीय वर्ग सहित वो लोग जो विकास में सबसे पीछे और सबसे नीचे हैं उनका कल्याण राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। सरकारी खजाने पर भी पहला हक इन वर्गों का ही है। जनजाति वर्ग की परंपराओं, जीवन मूल्यों और उनकी संस्कृति को कायम रखते हुए उनकी समग्र प्रगति के प्रयास बढ़ाये जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा आदिम जाति मंत्रणा परिषद की बैठक में कहीं।

उन्होंने कहा कि आदिम जाति मंत्रणा परिषद का नाम अब जनजातीय मंत्रणा परिषद रहेगा। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि विभाग की ओर से जनजातीय जन-जीवन पर केन्द्रित एक नवीन संग्रहालय शहडोल संभाग में प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए उमरिया या निकट के किसी उपयुक्त स्थल का चयन किया जाएगा। वर्तमान में विभाग का इस तरह का संग्रहालय छिन्दवाड़ा में संचालित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय वर्ग की कल्याण की योजनाओं के स्वरूप में यदि कहीं परिवर्तन की आवश्यकता है तो अध्ययन कर ऐसे परिवर्तन अवश्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में पेसा एक्ट के क्रियान्वयन का अध्ययन कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आवश्यकतानुसार छात्रावास भी प्रारंभ किया जाएगा। जनजातीय वर्ग को साहूकारों से भारी-भरकम ब्याज वाले कर्ज से बचाने के लिए

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आदिम जाति मंत्रणा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुये।

मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति साहूकार विनियम-1972 में संशोधन की पहल की गई। मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति ऋण विमुक्ति विधेयक-2020 के माध्यम से साहूकारी का लायसेंस अनिवार्य कर ऐसे साहूकारों से भी ऋण की व्यवस्था का प्रावधान और नियम विरुद्ध दिए गए ऋण माफ करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। श्री चौहान ने साहूकारी के लायसेंस की अनिवार्यता के संबंध में वैधानिक प्रावधानों को लागू किए जाने संबंधी जानकारी प्राप्त की।

सभी पात्रों को वनाधिकार पट्टे

श्री चौहान ने कहा कि जनजातीय कल्याण योजनाओं का क्रियान्वयन इस तरह किया जाए कि इस वर्ग के लोगों की जिंदगी बदले। जनजातीय वर्ग के लोगों की संपत्ति पर किसी अन्य के कब्जे नहीं होने दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वनाधिकार पट्टे देने के कार्य में पात्र व्यक्ति को वंचित नहीं करेंगे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह अवश्य सुनिश्चित किया जाए कि नए कब्जे न हों। दिसम्बर 2006 के पूर्व के कब्जाधारियों को वनाधिकार के पट्टे दिए जाएं। जनजातीय वर्ग की युवतियों से विवाह कर उनकी भूमि पर कब्जा करने की मंशा रखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, सहरिया और भारिया के व्यक्तियों को उनके वास्तविक रहवास स्थल के अलावा भी कहीं निवास करने पर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता की तरह अन्य वन उपज के लिए जनजातीय वर्ग के लोगों को आर्थिक लाभ दिलवाने के प्रयास होंगे। प्रदेश में पूर्व की 14 वनोपज के अलावा 18 नई लघु वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू की गई। श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जनजातीय कल्याण योजनाओं को गति दी जाए। संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के कार्यों की भी समीक्षा की जाए।

जनजातीय आबादी का स्वास्थ्य सर्वेक्षण होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय लोगों में अनुवांशिक रोग सिकिल सेल एनीमिया पर नियंत्रण के लिए पूरे प्रदेश में जनजातीय आबादी का स्वास्थ्य सर्वेक्षण करवाया जाएगा। इसके साथ ही इन्हें हेल्थ कार्ड भी उपलब्ध करवाये जाएंगे। सिकिल सेल और एनीमिया जैसी घातक बीमारी से बचाने के लिए जनजातीय समाज में जागरूकता अभियान भी संचालित किया जाएगा।

गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय सत्र 2020-21 का बकाया शिक्षण शुल्क ले सकेंगे

भोपाल, गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय सत्र 2020-21 की सभी कक्षाओं का बकाया शिक्षण शुल्क सत्र के अंत तक पालकों की सुविधा अनुसार एकमुश्त या किश्तों में ले सकेंगे। कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। इन कक्षाओं के संबंध में संचालित की जाने वाली गतिविधियों के लिए भी जनवरी से सत्र के अंत तक फीस ली जा सकेगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टर्स, संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा गत 4 नवंबर 2020 को दिए गए अपने निर्णय में निर्देशित किया गया है कि कोरोना महामारी के दृष्टिगत शिक्षण सत्र 2020-21 में अशासकीय विद्यालयों द्वारा शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त अन्य शुल्क प्रभारित नहीं किया जा सकेगा। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए आगामी आदेश तक अशासकीय विद्यालय कोई शुल्क वृद्धि नहीं कर सकेंगे। इसके साथ ही विद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ को नियमित रूप से वेतन का भुगतान किया जाएगा। वेतन 20 प्रतिशत से अधिक कम नहीं किया जा सकेगा और कम किए गया वेतन स्थिति सामान्य होने पर सामान्य किश्तों में 6 माह में लौटाया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि लॉकडाउन अवधि में गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों की फीस के संबंध में समय-समय पर जारी निर्देश लॉकडाउन अवधि के लिए जारी किए गए थे।

मंत्रिपरिषद की बैठक

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिये 1706 करोड़ रूपये स्वीकृत

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की वर्चुअल बैठक हुई। मंत्रिपरिषद ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (हर खेत को पानी) अंतर्गत भू-जल से सिंचाई योजना के लिये 1706 करोड़ एक लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इसमें राज्यांश 682 करोड़ 40 लाख 40 हजार रुपये रहेगा। इस योजना में मध्यप्रदेश के पांच जिले मण्डला, डिण्डोरी, शहडोल, उमरिया और सिंगरौली का चयन कर भू-जल स्रोतों से बोरवेल निर्मित कर 62135 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- मंत्रिपरिषद ने जेल विभाग के फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के 34 रिक्त पदों को समर्पित कर मेल नर्स के 30 पद सृजित करने की स्वीकृति दी। इससे जेलों में चिकित्सा सुविधा में वृद्धि होगी। बंदियों को त्वरित एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध करवाया जा सकेगा।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन एवं संरचना के संबंध में निर्णय लिया। इसमें पिछड़े वर्गों से संबंधित मामलों का ज्ञान रखने तथा उनके कार्य के लिये जाने जाते होंगे, ऐसे पांच अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति की जायेगी।
- इसमें से एक सदस्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में एवं अन्य सदस्य उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाएंगे।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 में संशोधन करने का निर्णय लिया है। इसमें अनुसूची 5 के 31 गौण खनिजों के उत्खनन पट्टा आवेदन/ई-निविदा से आवंटन करने के प्रावधान किये गये हैं। संशोधन अनुसार निजी भूमि पर भूमि-स्वामी/सहमति धारक को रायल्टी के अलावा 15 प्रतिशत अतिरिक्त राशि भुगतान की शर्त पर 30 वर्ष की अवधि के लिये आवेदन के आधार पर उत्खनन पट्टा स्वीकृत करने के प्रावधान किये गये हैं।
- संचालक उत्खनन पट्टा विभागीय मंत्री के पूर्व अनुमोदन से स्वीकृत कर सकेंगे।
- शासकीय व निजी भूमि पर 250 हेक्टेयर क्षेत्र पर ई-निविदा के माध्यम से 30 वर्ष की अवधि के लिये अनुसूची 5 के उत्खनन पट्टा आवंटन करने के प्रावधान किये गये हैं। उच्चतम निविदाकार को देय रायल्टी के अलावा स्वीकृत ई-निविदा दर से वन टाइम बिट के आधार पर अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होगा।
- संचालक शासकीय भूमि पर तथा शासकीय एवं निजी भूमि के संयुक्त क्षेत्र पर राज्य सरकार से तथा निजी भूमि पर विभागीय मंत्री का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के बाद स्वीकृत कर सकेंगे।
- निजी भूमि अथवा ई-निविदा से अनुसूची 5 के स्वीकृत उत्खनन पट्टों में 25 करोड़ रुपये तथा उससे अधिक निवेश कर उद्योग स्थापित करने पर उत्खनन पट्टे का 10-10 वर्ष के लिये दो बार नवीनीकरण किया जा सकेगा।
- अनुसूची 1 और 2 के खनिजों के 4 हेक्टेयर तक के क्षेत्र के उत्खनन पट्टे कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर स्वीकृत किये जा सकेंगे। इसमें 4 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र स्वीकृत करने के अधिकार संचालक को दिये जा रहे हैं।
- अनुसूची एक के खनिजों के मामलों में स्वीकृति से पहले संचालक द्वारा विभागीय मंत्री से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।
- अनुसूची एक में पत्थर से निर्मित रेत (यांत्रिक क्रिया द्वारा) को शामिल किया जा रहा है। इससे अब पत्थर से रेत बनाने के उत्खनन पट्टे भी स्वीकृत हो सकेंगे। गौण खनिज रेत बजरी की रायल्टी दर 125 रुपये प्रति घन मीटर निर्धारित की गई। यह भी प्रावधान किया गया है कि बाहर के राज्यों से परिवहित होकर आने वाले गौण खनिज पर 25 रुपये प्रति घन मीटर की दर से विनियमन शुल्क लिया जायेगा।
- फर्शी पत्थर की वार्षिक डेडरेंट की राशि दो लाख रुपये प्रति हेक्टेयर के स्थान पर 1.50 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है। पट्टाधारी को स्वीकृत खदानों में से 75 प्रतिशत रोज़गार मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को अनिवार्य रूप से प्रदान करना होगा।
- सरकारी तालाब, बांध आदि से गाद के साथ निकाली गई रेत का निर्वतन मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 एवं राज्य सरकार द्वारा बनाये गये नियमों के तहत किया जायेगा।
- नियमों अनुसूची 5 (31 गौण खनिज) की रायल्टी व डेडरेंट की दरें पुनरीक्षित की गई हैं। विभिन्न आवेदन शुल्क, न्यायालयीन स्टाम्प शुल्क, प्रतिभू निक्षेप, सुरक्षा राशि, रेखांक शुल्क में भी वृद्धि की गई है।
- मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया है कि भू-अर्जन के परिणामस्वरूप विस्थापन के मामले में विस्थापित कुटुम्बों के पुनर्वासन के लिये यदि ग्रामों में आंकलित आकार की शासकीय भूमि उपलब्ध है तो ऐसी शासकीय भूमि के लिये सिंचित कृषि भूमि के बाजार मूल्य के 1.6 गुणा के बराबर की राशि अपेक्षक निकाय से लेकर, उक्त भूमि पर भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसरण में पुनर्व्यवस्थापन योजना तैयार की जायेगी। जहां अपेक्षक निकाय राज्य सरकार के विभाग या उपक्रम हैं वहां ग्रामों में स्थित शासकीय भूमि बिना कोई राशि लिये उपलब्ध कराई जायेगी।
- भू-अर्जन के परिणामस्वरूप विस्थापन के मामले में विस्थापित कुटुम्बों के पुनर्वासन के लिये यदि शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं है तो ग्रामों में स्थित निजी भूमियां उक्त अधिनियम प्रावधानों के अंतर्गत मध्यप्रदेश के पक्ष में अर्जित व पुनर्वास योजना के क्रियान्वयन के लिये प्राप्त की जायेंगी। इसमें भू-अर्जन की अवार्ड की राशि का भुगतान संबंधित अपेक्षक निकाय से प्राप्त किया जायेगा।
- इस प्रकार तैयार योजना के क्रियान्वयन के लिये ऐसी चिन्हांकित भूमि पर उक्त अधिनियम की तीसरी अनुसूची अनुसार अवसंरचना के निर्माण के लिये (भूमि) अपेक्षक निकाय को योजना के क्रियान्वयन हेतु युक्तियुक्त समय के लिये आधिपत्य में दी जायेगी। ताकि अपेक्षक निकाय नियत अवधि में अवसंरचना निर्माण कर योजना के अनुसार भूखंड या मकान तथा अन्य सामुदायिक सुविधायें (उक्त अधिनियम की अनुसूची 3 में उल्लेखित समस्त मदों के लिये) तैयार कर कलेक्टर को वापिस आधिपत्य सौंपे।
- इस प्रकार योजना के अनुरूप विकसित क्षेत्र का आधिपत्य प्राप्त कर कलेक्टर ऐसे क्षेत्र को मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के प्रावधानों के अनुसार आवादी घोषित करेंगे और इस प्रकार विकसित आवादी क्षेत्र में कलेक्टर भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसरण में विस्थापित कुटुम्ब को यथास्थिति मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के प्रावधानों के अनुसार भूखंड या मकान आवंटित करेगा।
- ऐसे मामले जिनमें वन भूमि (जिन भूमियों पर वन संरक्षण अधिनियम 1980 आकर्षित होता है) किसी निजी कम्पनी/भारत सरकार की कम्पनी/निजी संस्थाओं (अपेक्षक निकाय) को परियोजना के लिये आवंटित की जाती है, ऐसे मामलों में प्रतिपूर्ति वनीकरण (वैकल्पिक वनीकरण) के लिये भारत सरकार के समय-समय पर जारी किये गये दिशा- निर्देशों के अनुक्रम में वन विभाग को प्रभावित भूमि के बराबर भूमि दिये जाने की अनिवार्यता है, ऐसे मामलों में वन विभाग का ऊपर वर्णित अपेक्षक निकाय के व्यय पर शासकीय भूमि प्रतिपूर्ति वनीकरण के लिये ऐसी भूमि के सिंचित कृषि भूमि के बाजार मूल्य के 1.6 गुणा बराबर की राशि लेकर उपलब्ध कराई जायेगी।
- मंत्रिपरिषद ने तीन विश्वविद्यालयों मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल, पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल और डॉ. बी.आर. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू के अधिनियम में प्रति कुलपति पद के प्रावधान के लिये संशोधन विधेयक 2020 को विधानसभा में प्रस्तुत करने की मंजूरी दी।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2020, मध्यप्रदेश सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी (संशोधन) विधेयक 2020, मध्यप्रदेश मोटर स्पिरिट उपकर (संशोधन) विधेयक 2020, मध्यप्रदेश हाई स्पीड डीजल उपकर (संशोधन) विधेयक 2020 और मध्यप्रदेश कराधान अधिनियमों की पुरानी बकाया राशि का समाधान विधेयक 2020 को अनुमोदित कर विधानसभा में पुरःस्थापित करवाने की सहमति दी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

संस्कृत में रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण दिया जाये

भोपाल, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री एवं चेयरमैन महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में संस्कृत में रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने आयुर्वेद में डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

संस्कृत को उपेक्षा की नहीं, अपेक्षा की भाषा बनाएं

श्री परमार ने कहा संस्कृत भाषा व्याकरण की दृष्टि से एक समृद्ध भाषा है। यह अध्ययन अध्यापन से लेकर कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग की भाषा के रूप में भी उपयोग की जा सकती है। इसे उपेक्षा की नहीं, बल्कि अपेक्षा की भाषा बनाएं। इसके विकास के लिए एक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन करें। इससे युवाओं में योग्यता के साथ-साथ संस्कार के गुणों का भी विकास होगा।

पंचशील नगर को संस्कृत बोलने वाले नगर के रूप में विकसित करें

श्री परमार ने कहा संस्कृत को जन-जन की भाषा बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि भोपाल शहर के पंचशील नगर को संस्कृत भाषा बोलने वाले नगर के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा प्रदेश के सभी जिलों में कम से कम एक नगर को संस्कृत भाषी नगर के रूप में विकसित किया जाए।

श्री परमार ने निर्देश दिए कि प्रदेश के हर जिला मुख्यालय में एक शासकीय विद्यालय में अरुण (LKG) एवं उदय (UKG) से लेकर चौथी कक्षा के विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा में पढ़ाई कराएं। इससे बचपन में ही बच्चों में संस्कृति और संस्कार के गुण आएंगे। इससे पूर्व विद्यालयों में कक्षा पांचवीं से संस्कृत भाषा में शिक्षा प्रारंभ होती थी।

वेधशाला उज्जैन को विश्वस्तरीय संस्थान के रूप में किया जाएगा विकसित

श्री परमार ने उज्जैन स्थित वेधशाला को विश्व स्तरीय संस्थान के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। इससे अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा दुनिया भारत के प्राचीन इतिहास, संस्कृति और विज्ञान से परिचित हो सकेगी। उन्होंने शासकीय आदर्श संस्कृत विद्यालय उज्जैन को महाकालेश्वर वैदिक शोध संस्थान में विलय करने के निर्देश दिए।

राज्यमंत्री श्री परमार ने शासकीय कन्या आवासीय संस्कृत विद्यालय भोपाल की तर्ज पर शासकीय बालक आवासीय संस्कृत विद्यालय की स्थापना करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संस्थान के पांचों आदर्श संस्कृत विद्यालयों को आवासीय संस्कृत विद्यालयों में परिवर्तित करें। इनमें हायर सेकेंडरी स्कूल के पदों का सेटअप उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी 28 संस्कृत विद्यालयों में भी शासकीय कन्या आवासीय संस्कृत विद्यालय भोपाल के समान पद संरचना बनाने के निर्देश दिए।

किसान खेत पर बना सकेंगे कोल्ड स्टोरेज

भोपाल, उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण स्वतंत्र प्रभार एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज के विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया को अपनाने पर हर जरूरतमंद किसान को कोल्ड स्टोरेज बनाने का अवसर मिलेगा। अभी तक बड़ी मंडियों के पास और जिला स्तर पर 5000 मीट्रिक टन क्षमता के कोल्ड स्टोरेज बनाने में सहयोग मिलता है। अब विभाग की नई नीति के तहत छोटी मंडियों के पास विकासखंड स्तर पर एक हजार और उद्यानिकी फसलों के उत्पादन से जुड़े किसानों के खेत पर 5 मीट्रिक टन क्षमता तक के कोल्ड स्टोरेज बनाने में किसानों को सहयोग दिया जायेगा। किसान का अपने खेत पर कोल्ड स्टोरेज होगा और वह उद्यानिकी फसलों को खुद सुरक्षित रख सकेगा।

श्री कुशवाह ने कहा कि योजना में ऐसे प्रावधान रखे जाएं जिसमें जो किसान उद्यानिकी फसलों के उत्पादन से जुड़े हैं और वे अपनी फसलों का स्टोरेज करना चाहते हैं, उन्हें कोल्ड स्टोरेज बनाने में मदद की जा सके। योजना में विज्ञापन जारी कर ऑनलाइन आवेदन बुलाकर किसानों का चयन किया जाए।

उद्योगों में महिलाओं का रोज़गार प्रतिशत बढ़ाने के लिये बनेगी नीति

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन जिले के जमुनिया खेजड़ा में स्थापित एक निर्माण इकाई का अवलोकन करते हुये।

रायसेन, मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास कर अधिकाधिक लोगों को रोज़गार उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना की चुनौती को अवसर में बदला और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने में मध्यप्रदेश अधिकतम भागीदारी करेगा। उद्योगों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्य को जल्दी हासिल किया जा सके। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले में दीवानगंज के निकट ग्राम जमुनिया खेजड़ा में करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से वेलस्पन समूह द्वारा स्थापित पाइप एवं प्लेट्स एंड क्वाइल निर्माण इकाई के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। इस इकाई से करीब 1500 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोज़गार मिलेगा।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों में महिलाओं का रोज़गार प्रतिशत बढ़ाएंगे। इसके लिए उद्योगपतियों से चर्चा कर नीति तैयार की जाएगी। हमारी बेटियां ऐसे संयंत्रों में कार्य करने के लिए पूरी तरह काबिल हैं।

राज्य सरकार उद्योगपतियों के परामर्श से उद्योगों में महिलाओं की भागीदारी का प्रतिशत बढ़ाने पर गंभीरता से विचार करेगी। उन्होंने वेलस्पन समूह द्वारा रोज़गार में लगभग पचास प्रतिशत महिलाओं को स्थान देने के कदम का स्वागत करते हुए कहा कि समूह का यह नवीन संयंत्र महिलाओं की भागीदारी का श्रेष्ठ उदाहरण बनेगा।

नया इंडस्ट्रियल एस्टेट बनेगा जमुनिया

श्री चौहान ने कहा कि जमुनिया क्षेत्र रायसेन जिले का दूसरा महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है। पहले सभी उद्योग मण्डीदीप में ही लगाए जाते रहे हैं। मण्डीदीप के समान्तर इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास होने से इस नए इंडस्ट्रियल एस्टेट में अन्य इकाइयां आएंगी। कुछ इकाइयां तो आ भी चुकी हैं। इस संपूर्ण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में निवेश आमंत्रण दिए जाने के बाद वेलस्पन समूह ने तेजी से कार्य कर संयंत्र तैयार कर लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अंचल के लोगों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और रोज़गार की बेहतर व्यवस्थाएं संभव होंगी।

उद्योग बनेंगे हमारे पार्टनर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जिस तरह भारत को उद्योग स्थापना का डेस्टिनेशन बनाना चाहते हैं, उसमें भी मध्यप्रदेश सक्रिय भूमिका निभाएगा। मध्यप्रदेश सरकार वेलस्पन समूह और इसी तरह के औद्योगिक संस्थानों को विकास में पार्टनर बना रही है। श्री चौहान ने कहा कि कोरोना काल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप तैयार कर अधोसंरचना, सुशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोज़गार के माध्यम से समग्र विकास की तैयारी की गई है। वेलस्पन समूह की नई इकाई आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संकल्प को पूरा करने की कड़ी में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास अति आवश्यक है। हाथों में हुनर होना चाहिए। इससे युवाओं को रोज़गार प्राप्ति में आसानी होगी। इस समूह द्वारा कौशल विकास के लिए इसी ग्राम में पृथक इकाई की स्थापना का निर्णय प्रशंसनीय है। मध्यप्रदेश सरकार भी स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान दे रही है। इसके लिए भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क प्रारंभ करने की पहल की गई है।

हॉस्पिटल के निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें - स्वास्थ्य मंत्री

भोपाल, बीमार का इलाज सबसे पहले जरूरी होता है। इलाज की सुविधा के लिये सिविल हॉस्पिटल, स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र और वेलनेस सेंटर आदि के भवनों के निर्माण को एजेंसियां सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पूरा करवायें। प्रगतिरत हैं कहकर लंबित नहीं रखें, यह बतायें कि निर्माण कब पूरे होंगे? लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों की मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को दिये।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये।

डॉ. चौधरी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, हाउसिंग बोर्ड, पुलिस हाउसिंग बोर्ड और स्वास्थ्य विभाग की निर्माण शाखा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा 1468 करोड़ रुपये के 1634 निर्माण कार्य स्वीकृत हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से 616 पूर्ण हो चुके कार्यों की सूची, 579 प्रगतिरत और 439 अप्रारंभ कार्यों की सूची उन्हें उपलब्ध करायें। निर्माण एजेंसियां जिन कार्यों को शुरू नहीं कर सकीं, उनके स्पष्ट कारण दें। इनके संबंध में निर्माण शुरू करवाने की पहल की जायेगी। डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जिलेवार समीक्षा करेंगे। निर्माण कार्य में यदि कोई दिक्कत आ रही है तो उसका तुरंत निराकरण करवायें और निर्माण की रुकावटों को मेरे संज्ञान में भी लायें।

बैठक में बताया गया कि पीआईयू (राज्य मद) के स्वीकृत 123 कार्यों में से 5 पूर्ण, 74 प्रगति पर और 44 को प्रारंभ किया जाना है। पीआईयू (एनएचएम) के 6 स्वीकृत कार्यों में से 5 प्रगतिरत और एक का निर्माण प्रारंभ किया जाना है। लोक निर्माण विभाग को दिये स्वास्थ्य विभाग के 82 कार्यों में से 47 का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, 26 का कार्य प्रगति पर है और 9 कार्यों का निर्माण प्रारंभ किया जाना है। हाउसिंग बोर्ड को स्वीकृत 230 निर्माण कार्यों में 24 का कार्य प्रगति पर है और 206 का कार्य प्रारंभ किया जाना है। पुलिस हाउसिंग बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य विभाग के 186 निर्माण कार्यों में 47 निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है, 100 कार्य प्रगतिरत हैं और 39 कार्यों को प्रारंभ किया जाना है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने स्वास्थ्य विभाग के 332 स्वीकृत कार्यों में से 277 को पूर्ण कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की भवन शाखा को स्वीकृत 675 निर्माण कार्यों में से 240 कार्य पूर्ण कर लिये गये, 330 कार्य प्रगति पर हैं और 102 कार्यों को प्रारंभ किया जाना है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने अब तक कार्य प्रारंभ नहीं होने वाले 439 कार्यों में सबसे ज्यादा 45 निर्माण कार्य भूमि अप्राप्त होने के कारण एजेंसियों पर अप्रसन्नता प्रकट की। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी जिला कलेक्टर से सम्पर्क कर भूमि आवंटित करवायें। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी कलेक्टर्स से बात कर स्वास्थ्य केंद्रों के लिये भूमि उपलब्ध कराने को कहेंगे।

आईटी में एक लाख रोज़गार सृजित करने पर फोकस

भोपाल, आईटी के क्षेत्र में एक लाख नए रोज़गार सृजित किये जाने पर तेजी से काम किया जाएगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने आईटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की समीक्षा करते हुए यह बात कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे आईटी पार्क के नाम पर सर्विस देने वाले तो बनें ही स्वयं भी रोज़गार सृजित करें।

श्री सखलेचा ने इस दौरान भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में आईटी पार्क के क्रियाकलापों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई आईटी दक्ष युवा अन्य प्रदेशों और विदेशों में अपनी कार्यप्रणाली के कारण सफल हैं, उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं को मध्यप्रदेश से जोड़ा जाए, उन्हें प्रदेश के परिदृश्य से अवगत कराकर रोज़गार के सृजन में उनकी मदद ली जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों को मध्यप्रदेश का आईटी के क्षेत्र में एम्बेसडर भी बनाया जाना चाहिए।

श्री सखलेचा ने कहा कि प्लेसमेंट आधारित आईटी कम्पनियों पर फोकस किया जाए और उन्हें सब्सिडी के साथ ही अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने आगामी 7 दिवस में व्यवस्थित आईटी पॉलिसी के साथ बैठक करने के निर्देश दिए।

श्री सखलेचा ने डाटा सेंटर तक सीमित होने को सही नहीं मानते हुए कहा कि उन्होंने कर्नाटक और तमिलनाडु के अनेक व्यक्तियों से इस सम्बंध में विचार-विमर्श किया है और वे मध्यप्रदेश में आईटी के क्षेत्र में आना चाहते हैं। उन्होंने प्रदेश को आईटी हब बनाने पर तेजी से काम करने की जरूरत बताई।

आबकारी विभाग की ई-गवर्नेंस पहल से लायसेंस प्रक्रिया हुई आसान

भोपाल, आबकारी विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले सभी प्रकार के लायसेंस की प्रक्रिया अब और ज्यादा व्यवस्थित और आसान हो जाएगी। इसके लिये विभाग ने एमपी ऑनलाइन के माध्यम से अपना पोर्टल तैयार कर लिया है। सभी जिला अधिकारियों ने इस पोर्टल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। इससे लाइसेंस जारी करने और इससे जुड़े मामलों के निराकरण में मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि विभाग से जारी होने वाले ज्यादातर लायसेंस लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लाये जा चुके हैं। इससे समय पर लाइसेंस बन जाते हैं। आबकारी आयुक्त ने सभी जिला अधिकारियों से कहा है कि वे ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं करें। पारदर्शिता के लिये ऑनलाइन आवेदन ही लें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा में

सैंड्रा लिंडर्स

अमेरिका में नर्स को लगा कोरोना का पहला टीका

अमेरिका में कोरोना वैक्सीन का पहला टीका सैंड्रा लिंडर्स को फाइजर-बायोएनटेक द्वारा लगाया गया है। टीका लगने के बाद नर्स सैंड्रा ने कहा कि उन्हें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बधाई दी और वे निजी तौर पर भी उत्साहित महसूस कर रही हैं। अगले साल अप्रैल तक 10 करोड़ लोगों को टीका लगाए जाने का लक्ष्य है।

इमैनुअल मैक्रों

फ्रांस के राष्ट्रपति कोरोना संक्रमित

दुनिया भर में चल रहे कोरोना संक्रमण के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों कोरोना से संक्रमित हो गये हैं। राष्ट्रपति ने एक सप्ताह के लिये खुद को क्वारंटाइन कर लिया है। वहीं फ्रांस के प्रधानमंत्री जीन कास्टेक्स की रिपोर्ट निगेटिव आई है। फ्रांस में कोरोना के अब तक 24 लाख से ज्यादा मामले पाये गये हैं।

चांग-ई-5

चांद की सतह से दो किलो नमूने लेकर लौटा

चीन का अंतरिक्ष यान चांग-ई-5 चांद की सतह से चट्टानों और मलबे के दो किलो वजनी नमूने लेकर धरती पर लौट आया है। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार यान मंगोलिया के सिजिवांग में उतरा। कैप्सूल और उसमें पड़े सैंपलों को बीजिंग स्थित अंतरिक्ष कार्यक्रम के परिसर ले जाया गया। जहां चांद के सैंपलों की समीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई।



ईको फ्रेंडली टेंट सिटी

कच्छ की तर्ज पर ओडिशा के तटों पर बनी

गुजरात के रण उत्सव की तर्ज पर ओडिशा में ईको रिट्रीट फेस्टिवल शुरू किया गया है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। इसमें कोणार्क के रामचंडी के बीच के अलावा, संबलपुर के हीराकुंड वाटर रिज़र्व, कंधमाल जिले के हिल स्टेशन दरिंगबाड़ी, भीतरकणिका नेशनल पार्क और सतकोसिया टाइगर रिज़र्व में 145 कॉटेज तैयार किये गये हैं। यहां प्लास्टिक इस्तेमाल की मनाही है। खास बात यह है कि कैंप छोड़ने से पहले हर पर्यटक को टेंट के पास नीम, बांस या अन्य कोई भी वृक्ष लगाना जरूरी है।

बोइंग 747

रिटायर होने के बाद फिल्मों में आयेगा नजर

ब्रिटिश एयर लाइन से रिटायर होने के बाद बोइंग 747 विमान अब फिल्मों की शूटिंग के लिये इस्तेमाल होगा। इसे लंदन के बाहर मौजूद डंसफोल्ड एरोड्रम में रखा जायेगा। एरोड्रम में पिछले कुछ वर्षों में 100 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। इसमें मिशन इम्पॉसिबल-7 और कैसिनो रॉयल जैसी मशहूर फिल्में शामिल हैं।

हंगरी में

फिर दिखा नया मोनोलिथ

अमेरिका, रोमानिया, इंग्लैंड, पोलैंड, नीदरलैंड्स और बेल्जियम के बाद अब हंगरी में एक नया मोनोलिथ दिखा है। हालांकि यह बाकियों की तरह ठोस धातु का नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह स्तंभ हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में मिला है। इसके बारे में सबसे पहले इंजीनियर अंद्राज अर्तो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसके बाद यह स्थान एक पर्यटक स्थल बन गया है।

प्यूर्स नदी

किनारे पर एक साथ 92 हजार कछुए मिले

ब्राजील में अमेजन की सहायक प्यूर्स नदी के किनारे लगभग 92 हजार साउथ अमेरिकन रिवर टर्टल्स (कछुए) देखने को मिले। इनमें लगभग 21 हजार बच्चे हैं। वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी ने बताया है कि ये टर्टल्स हर साल प्रजनन के लिये आते हैं। वयस्क होने पर इनकी लंबाई साढ़े तीन फीट और वजन 90 किलोग्राम से अधिक हो सकता है।

रियुगु क्षुद्र ग्रह से

नमूने लेकर लौटा जापानी कैप्सूल

धरती से 300 मिलियन किलोमीटर दूर रियुगु क्षुद्र ग्रह से धूल के नमूने लेकर लौटे कैप्सूल को जापान के वैज्ञानिकों ने पहली बार शोध के लिये खोला है। यह धूल काली रेत जैसी है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के एक शोधकर्ता ने कहा कि वे जानना चाहते हैं कि सौरमंडल में पदार्थों का वितरण किस तरह हुआ है और धरती पर जीवन से उसका संबंध क्या है।

जर्मनी में

ढाई करोड़ रुपये की पेंटिंग एयरपोर्ट पर भूला कारोबारी

एक कारोबारी ढाई करोड़ रुपये की पेंटिंग बर्लिन एयरपोर्ट पर भूल गया। कारोबारी इज़रायल के तेल अवीव के लिये उड़ान भरने से पहले चेक-इन काउंटर पहुंचा था, जहां वह पेंटिंग भूल गया। इसे फ्रांस के मशहूर यवेस तुंगी ने बनाया था। बाद में कारोबारी के रिश्तेदारों ने पुलिस की मदद से यह पेंटिंग ढूढ़ने में कामयाबी पायी।

दुबई में

एक घंटे में 120 तारे टूटने की खगोलीय घटना हुई

दुबई में पिछले दिनों आसमान से 1 घंटे में 120 तारे टूटने की दुर्लभ खगोलीय घटना हुई और आसमान में दीपावली का नजारा दिखाई दिया। ये उल्कापिंड जेमिनी और द ट्विंस तारामंडल से आते हैं और करीब 1,30,000 किलो मीटर की रफ्तार से धरती पर गिरते हैं। इन्हें अपने कैमरों में कैद करने के लिये दुनिया भर के अंतरिक्ष प्रेमी मौजूद थे। जेमिनी उल्का पिंडों की बारिश को करीब 200 साल पुराना माना जाता है। 1833 में पहली बार अमेरिका के मिसीसिपी नदी के ऊपर तारों की बारिश हुई थी।

चीन ने

दक्षिण चीन सागर में की लाइव फायर ड्रिल

दक्षिण चीन सागर को लेकर दुनिया के कई देशों के साथ चीन के तनावपूर्ण संबंध हैं। इस बीच दक्षिण चीन सागर में जब अमेरिका के जहाज दाखिल हुये तो चीन के जंगी जहाजों ने लाइव-फायर ड्रिल कर डाली। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के यूएसएस माकिन आइलैंड और यूएसएस सॉमरसेट इस क्षेत्र में दाखिल हुये थे। चीन की मीडिया के अनुसार इस ड्रिल का कोई प्लान नहीं था।

रूस ने

भारी वजन ले जाने में सक्षम अंगारा ए-5 रॉकेट का किया सफल परीक्षण

रूस ने भारी वजन ले जाने में सक्षम रॉकेट अंगारा ए-5 का दूसरी बार सफल परीक्षण किया। रूसी स्पेस एजेंसी के प्रमुख दिमित्री रोगोजिन ने प्रक्षेपण के बाद इसकी जानकारी दी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यह अंतरिक्ष रॉकेट उद्योग और रूस के लिये बड़ी कामयाबी है। अंगारा ए-5 रॉकेट, प्रोटोन एम. रॉकेट का स्थान लेगा। यह प्रक्षेपण स्थल के आसपास ज्यादा प्रदूषण नहीं फैलायेगा।

डेव व्हाटमोर

नेपाल क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

श्रीलंका के 1996 विश्वकप विजेता टीम के मुख्य कोच रहे डेव व्हाटमोर को नेपाल क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि डेव इस जिम्मेदारी को उठाने को तैयार हैं। ज्ञात रहे कि फरवरी 2019 में उमेश पतवाल के इस्तीफे के बाद से नेपाल के मुख्य कोच का पद खाली पड़ा था।



रो खन्ना

कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के लिये उपाध्यक्ष नामित

भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना को 'कांग्रेसनल इंडिया कॉकस' का डेमोक्रेटिक उपाध्यक्ष नामित किया गया है। इस पद को वर्ष 1994 में सृजित किया गया था। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद रो खन्ना अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें कैलिफोर्निया की सीनेट सीट का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है।

आरुषि निशंक

वुमेन आंत्रप्रेन्योर पुरस्कार से सम्मानित

देश की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना और स्पर्श गंगा अभियान की राष्ट्रीय संयोजक आरुषि निशंक को ग्लोबल वाटर वुमेन आंत्रप्रेन्योर पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया है। द एनर्जी एंड एनवायरमेंट फाउंडेशन द्वारा गंगा स्वच्छता संरक्षण तथा संवर्धन के लिये यह सम्मान दिया गया।

स्मृति शेष

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मोतीलाल वोरा का निधन

मध्यप्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे श्री मोतीलाल वोरा का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे 1985 को पहली बार और 1989 में दूसरी बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बने। उनके निधन पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों ने शोक व्यक्त किया।

वायरलेस कम्प्यूटर नेटवर्क के जनक नॉर्मन का निधन

संचार के क्षेत्र में वायरलेस कम्प्यूटर नेटवर्क के जनक नॉर्मन अब्राम्सन का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें प्रारंभिक वायरलेस नेटवर्क 'एएलओएचएनेट' (ALOHAnet) बनाने का श्रेय जाता है। इसके निर्माण के बाद ही अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों ने इसका प्रयोग आधुनिक सैटेलाइट, फोन और कम्प्यूटर नेटवर्क में किया।

संस्कृत स्कॉलर पद्मश्री गोविंदाचार्य का निधन

संस्कृत स्कॉलर बी. गोविंदाचार्य का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे माधव विचारधारा के प्रचारक थे। वेदों के अलावा उपनिषद, महाभारत और रामायण की उन्हें गहरी जानकारी थी। उन्होंने 4 हजार पृष्ठों वाली गीता आख्यान की रचना की थी।

प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रोफेसर आर. नरसिम्हा का निधन

देश के रॉकेट कार्यक्रम को दिशा देने वाले तथा दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित प्रख्यात एयरोस्पेस विज्ञानी प्रोफेसर रोद्दम नरसिम्हा का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। 20 जुलाई 1933 को जन्में नरसिम्हा के निधन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद सहित मंत्रिमंडल ने शोक व्यक्त किया है।

दिल्ली संगीत घराने के उस्ताद इक़बाल अहमद का निधन

दिल्ली संगीत घराने से जुड़े गायक उस्ताद इक़बाल अहमद खान का 66 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उस्ताद इक़बाल को भारतीय संगीत की विभिन्न शैलियों ठुमरी, दादरा, भजन और गजलों में बहुमुखी प्रतिभा के लिये जाना जाता था। समृद्ध संगीत इतिहास के जानकार उस्ताद का लंबी बीमारी के बाद निधन हुआ।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

कठिन हालात में भी अच्छे व्यवहार का साथ नहीं छोड़ना चाहिये – एलेन देवस्की

(पृष्ठ 14 का शेष)

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
9024	386697	9133	391136	9242	395143	9351	399227	9460	403155	9569	406812	9678	411265	9787	415642
9025	386730	9134	391159	9243	395198	9352	399258	9461	403173	9570	406853	9679	411273	9788	415661
9026	386734	9135	391174	9244	395227	9353	399260	9462	403220	9571	406926	9680	411332	9789	415697
9027	386796	9136	391319	9245	395265	9354	399322	9463	403269	9572	406950	9681	411390	9790	415733
9028	386814	9137	391365	9246	395278	9355	399356	9464	403272	9573	406965	9682	411400	9791	415771
9029	386831	9138	391449	9247	395317	9356	399362	9465	403275	9574	406985	9683	411413	9792	415867
9030	386839	9139	391456	9248	395374	9357	399394	9466	403303	9575	407012	9684	411517	9793	415902
9031	386885	9140	391459	9249	395417	9358	399594	9467	403352	9576	407051	9685	411594	9794	415939
9032	386917	9141	391460	9250	395499	9359	399615	9468	403371	9577	407125	9686	411612	9795	416040
9033	386965	9142	391492	9251	395507	9360	399624	9469	403403	9578	407282	9687	411662	9796	416057
9034	387003	9143	391496	9252	395599	9361	399674	9470	403438	9579	407336	9688	411670	9797	416148
9035	387179	9144	391582	9253	395678	9362	399722	9471	403508	9580	407365	9689	411749	9798	416190
9036	387192	9145	391658	9254	395693	9363	399804	9472	403528	9581	407404	9690	411750	9799	416200
9037	387232	9146	391665	9255	395696	9364	399860	9473	403587	9582	407440	9691	411753	9800	416210
9038	387240	9147	391666	9256	395798	9365	399865	9474	403590	9583	407486	9692	411811	9801	416217
9039	387288	9148	391676	9257	395821	9366	399875	9475	403651	9584	407496	9693	411864	9802	416221
9040	387297	9149	391725	9258	395930	9367	399886	9476	403656	9585	407533	9694	411915	9803	416264
9041	387307	9150	391815	9259	395962	9368	399900	9477	403663	9586	407549	9695	411954	9804	416265
9042	387359	9151	391845	9260	395964	9369	399927	9478	403687	9587	407599	9696	411977	9805	416272
9043	387360	9152	391927	9261	395979	9370	399953	9479	403698	9588	407637	9697	411991	9806	416375
9044	387464	9153	392017	9262	396045	9371	400086	9480	403702	9589	407684	9698	412041	9807	416515
9045	387476	9154	392040	9263	396169	9372	400156	9481	403703	9590	407700	9699	412057	9808	416526
9046	387491	9155	392148	9264	396191	9373	400169	9482	403707	9591	407709	9700	412059	9809	416529
9047	387544	9156	392157	9265	396275	9374	400211	9483	403708	9592	407718	9701	412066	9810	416586
9048	387576	9157	392172	9266	396282	9375	400232	9484	403774	9593	407734	9702	412124	9811	416631
9049	387605	9158	392206	9267	396350	9376	400292	9485	403881	9594	407737	9703	412146	9812	416648
9050	387635	9159	392256	9268	396359	9377	400317	9486	403892	9595	407775	9704	412159	9813	416713
9051	387808	9160	392267	9269	396371	9378	400380	9487	403935	9596	407782	9705	412167	9814	416717
42. मैथली शरण गुप्त की रचना इनमें से है?
A) परिमल
B) जयद्रथ वध
C) दीपशिखा
D) नीरजा।

43. मुंशी प्रेमचंद का कौन-सा उपन्यास पुनर्जन्म से संबंधित है?
A) प्रेमाश्रय
B) कायाकल्प
C) सेवा सदन
D) निर्मला।

44. 'कुल्ली भाट' उपन्यास के लेखक हैं?
A) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
B) रामधारी सिंह 'दिनकर'
C) मुंशी प्रेमचंद
D) वृन्दावनलाल वर्मा।

45. 'एक चिथड़ा सुख' उपन्यास के उपन्यासकार कौन है?
A) रामप्रसाद निरंजनी
B) मनोहर श्याम जोशी
C) निर्मल वर्मा
D) मन्नू भंडारी।

46. पंडित-पंडितानी कहानी के कहानीकार कौन हैं?
A) मास्टर भगवानदास
B) गिरिजादत्त वाजपेयी
C) जयशंकर प्रसाद
D) किशोरीलाल गोस्वामी।

47. सीट नम्बर 6 किस लेखिका की कहानी है?
A) मन्नू भंडारी
B) मंजुल भगत
C) इन्दुबाली
D) ममता कालिया।

48. 'रहिमन धागा प्रेम का' के कहानीकार हैं?
A) ज्ञान रंजन
B) धीरेन्द्र अस्थाना
C) निर्मल वर्मा
D) मालती जोशी।

49. 'ठेट हिन्दी का ठाठ' तथा 'अधखिला फूल' किसके उपन्यास हैं?
A) मुंशी प्रेमचंद
B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
C) रामधारी सिंह दिनकर
D) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध।

50. 'नीहार' काव्य संग्रह के रचयिता इनमें से कौन हैं?
A) महादेवी वर्मा
B) जयशंकर प्रसाद
C) सुमित्रा नंदन पंत
D) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

उत्तरमाला

1. D,	2. D,	3. C	4. B
5. A,	6. B,	7. A,	8. C
9. A,	10. D,	11. C,	12. B
13. C,	14. D,	15. B,	16. C
17. B,	18. D,	19. C,	20. A
21. B,	22. C,	23. C,	24. D
25. A,	26. C,	27. D,	28. A
29. A,	30. B,	31. A,	32. A
33. C,	34. B,	35. C,	36. D
37. C,	38. B,	39. D,	40. A
41. C,	42. B,	43. B,	44. A
45. C,	46. B,	47. D,	48. D
49. D	50. A		

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

आधुनिक इतिहास

(1) पुर्तगालियों ने अपनी पहली व्यापारिक कोठी कहाँ पर खोली थी?
(अ) कोचीन (ब) सूरत
(स) मुसलीपट्टनम (द) पुलीकट
उत्तर - (अ) कोचीन

(2) किस युद्ध के पश्चात् डच कंपनी का भारतीय क्षेत्रों से शासन समाप्त हो गया?
(अ) प्लासी का युद्ध
(ब) बक्सर का युद्ध
(स) पानीपत का तृतीय युद्ध
(द) वेदरा का युद्ध
उत्तर - (द) वेदरा का युद्ध (1759 ई.)

(3) 1773 ई. के रेग्युलेटिंग एक्ट के संबंध में कौन सा कथन सत्य है/हैं?
(1) कलकत्ता में सुप्रीम कोर्ट का गठन
(2) बंगाल का गवर्नर अब गवर्नर जनरल
(3) मद्रास एवं बंबई के गवर्नर बंगाल के गवर्नर जनरल के अधीन
(अ) केवल 1 (ब) 1 एवं 2
(स) 1 एवं 3 (द) सभी
उत्तर - (द) सभी

(4) 'द बंगाल गजट' का प्रकाशन किस वर्ष किया गया था?
(अ) 1784 ई. (ब) 1780 ई.
(स) 1805 ई. (द) 1795 ई.
उत्तर - (ब) 1780 ई.

(5) भारत में 'गोथिक कला' का आरम्भ किस औपनिवेशिक कंपनी के द्वारा किया गया?
(अ) पुर्तगाली (ब) डच
(स) डेनिश (द) स्वीडिश
उत्तर - (अ) पुर्तगाली

(6) 'गीता' का अंग्रेजी में अनुवाद सर्वप्रथम किस यूरोपियन ने किया था?
(अ) जोनाथन - डंकन
(ब) कनिंघम
(स) लॉर्ड कर्जन
(द) विलियम विलकिन्स
उत्तर - (द) विलियम विलकिन्स (चार्ल्स विलकिंस)

(7) निम्नलिखित का सही कालानुक्रम क्या है?
(1) सार्जेंट योजना
(2) लैंड होल्डर्स सोसायटी
(3) वार्नाक्यूलर प्रेस एक्ट
(अ) 3, 2, 1 (ब) 1, 2, 3
(स) 2, 3, 1
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (स) 2, 3, 1

(8) स्वदेश बांधव समिति की स्थापना किसने की थी?
(अ) ज्ञानेंद्रनाथ वसु
(ब) के.के. मित्रा
(स) नरेंद्रनाथ भट्टाचार्य
(द) अश्विन कुमार दत्ता
उत्तर - (द) अश्विन कुमार दत्ता

(9) 'वेदों की ओर लौटो' नारा किसके द्वारा दिया गया था?
(अ) राजा राममोहन राय
(ब) दयानंद सरस्वती
(स) स्वामी विवेकानंद
(द) स्वामी श्रद्धानंद
उत्तर - (ब) दयानंद सरस्वती

(10) 'काँग्रेस' के बेलगांव अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी?
(अ) जवाहरलाल नेहरू
(ब) महात्मा गांधी
(स) मौलाना आजाद
(द) सरोजिनी नायडू
उत्तर - (ब) महात्मा गांधी

(11) निम्न में से किस आंदोलन के बाद गांधी जी ने 'केसर-ए-हिंद' का पदक लौटा दिया था?
(अ) चंपारण सत्याग्रह
(ब) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(स) असहयोग आंदोलन
(द) बारदोली सत्याग्रह
उत्तर - (स) असहयोग आंदोलन

(12) स्वराज पार्टी का गठन किस वर्ष किया गया था?
(अ) 1921 ई.
(ब) 1922 ई.
(स) 1923 ई.
(द) 1924 ई.
उत्तर - (स) 1923 ई.

(13) निम्न में से किसने सागर में 1857 की क्रांति को नेतृत्व प्रदान किया था?
(अ) सुरेंद्र सांई
(ब) राव तुलाराम
(स) तात्या टोपे
(द) शेख रमजान
उत्तर - (द) शेख रमजान

(14) निम्न में से किसे 'लोकहितवादी' के नाम से जाना जाता है?
(अ) गोपाल हरि देशमुख
(ब) बाल शास्त्री जाम्बेकर
(स) ज्योतिबा फुले
(द) गोपाल गणेश आगरकर
उत्तर - (अ) गोपाल हरि देशमुख

(15) 'सोशल सर्विस लीग' की स्थापना किसने की थी?
(अ) बालगंगाधर तिलक
(ब) गोपाल कृष्ण गोखले
(स) नारायण मल्हार जोशी
(द) ज्योतिबा फुले
उत्तर - (स) नारायण मल्हार जोशी

(16) 'बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन' की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1885 ई. (ब) 1884 ई.
(स) 1883 ई. (द) 1882 ई.
उत्तर - (अ) 1885 ई.

(17) 'मद्रास लेबर यूनियन' की स्थापना किसने की थी?
(अ) एन.एम. जोशी
(ब) बी.पी. वाडिया
(स) एन.जी. रंगा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) बी.पी. वाडिया

(18) निम्नलिखित संधियों का सही कालानुक्रम क्या होगा?
(1) सालबाई की संधि
(2) श्री रंगपट्टनम की संधि
(3) अमृतसर की संधि
(4) बसीन की संधि
(अ) 3, 4, 2, 1
(ब) 4, 3, 2, 1
(स) 1, 2, 4, 3
(द) 1, 2, 3, 4
उत्तर - (स) 1, 2, 4, 3

(19) आधुनिक भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक किसे माना जाता है?
(अ) कर्जन (ब) लिटन
(स) रिपन (द) माउंटबेटन
उत्तर - (स) रिपन

(20) किस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' का लक्ष्य अपनाया गया था?
(अ) लखनऊ, 1916
(ब) लाहौर, 1929
(स) सूरत, 1907
(द) कराची, 1931
उत्तर - (ब) लाहौर, 1929

(21) निम्नलिखित में किस स्थान से विनोबा भावे ने व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत की थी?
(अ) गुंटूर (ब) मुंबई
(स) पवनार (द) अडयार
उत्तर - (स) पवनार

(22) निम्न में से किस भारतीय ने सर्वप्रथम सिविल सेवा परीक्षा पास की थी?
(अ) सत्येंद्रनाथ बनर्जी
(ब) सुभाषचंद्र बोस
(स) सत्येंद्रनाथ टैगोर
(द) एस.पी. सिन्हा
उत्तर - (स) सत्येंद्रनाथ टैगोर

(23) बंगाल से द्वैध शासन समाप्ति किसके द्वारा की गयी?
(अ) सर जॉर्ज बार्लो
(ब) लार्ड एम्हर्स्ट
(स) सर जॉन शोर
(द) वॉरेन हेस्टिंग्स
उत्तर - (द) वॉरेन हेस्टिंग्स

(24) द्वितीय अफगान युद्ध किस गवर्नर जनरल/वायसरॉय के समय हुआ?
(अ) लॉर्ड ऑकलैंड
(ब) लॉर्ड एलनबरो
(स) लॉर्ड कैनिंग
(द) लॉर्ड लिटन
उत्तर - (द) लॉर्ड लिटन

(25) ठगी प्रथा का अंत किस गवर्नर जनरल के कार्यकाल में हुआ?
(अ) लॉर्ड मिंटो प्रथम
(ब) लॉर्ड कार्नवालिस
(स) लॉर्ड विलियम बैंटिक
(द) लॉर्ड कैनिंग
उत्तर - (स) लॉर्ड विलियम बैंटिक

(26) 'चित्राल विद्रोह' किस वायसराय के काल में हुआ?
(अ) लॉर्ड एल्गिन प्रथम
(ब) लॉर्ड एल्गिन द्वितीय
(स) लॉर्ड डफरिन
(द) लॉर्ड कैनिंग
उत्तर - (ब) लॉर्ड एल्गिन द्वितीय

(27) 'स्वदेशी एवं बहिष्कार' किस आंदोलन से संबंधित थे?
(अ) बंग-भंग आंदोलन
(ब) भारत छोड़ो आंदोलन
(स) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (अ) बंग-भंग आंदोलन

(28) 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना कब एवं कहाँ की गई थी?
(अ) 1925 ई. कानपुर
(ब) 1926 ई. जालंधर
(स) 1928 ई. दिल्ली
(द) 1931 ई. मेरठ
उत्तर - (स) 1928 ई. दिल्ली

(29) 'आल इण्डिया ट्रेड यूनियन काँग्रेस' के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(अ) एन.एम. जोशी
(ब) बालगंगाधर तिलक
(स) लाला लाजपत राय
(द) सहजानंद सरस्वती
उत्तर - (स) लाला लाजपत राय

(30) काँग्रेस के प्रथम ब्रिटिश अध्यक्ष कौन थे?
(अ) जॉर्ज यूल
(ब) सर विलियम वेडरबर्न
(स) सर हेनरी काटन
(द) वल्फ्रेड वेब
उत्तर - (अ) जॉर्ज यूल

(31) निम्न में से कौन सही सुमेलित है/हैं?

पुस्तक		लेखक
(1) इण्डिया डिवाइडेड	-	राजेंद्र प्रसाद
(2) इण्डिया फॉर इण्डियंस	-	बालगंगाधर तिलक
(3) बंदी जीवन	-	शचींद्रनाथ

(अ) केवल 1
(ब) 1 एवं 3
(स) 1 एवं 2
(द) 1, 2 एवं 3
उत्तर - (ब) 1 एवं 3

(32) सुमेलित कीजिए?

A. इनाम आयोग	1	टकसाल संबंधी सुझाव
B. हरशेल समिति	2	पुलिस सुधार
C. फ्रेजर आयोग	3	भूमि संबंधी विवेचना
D. ली. आयोग	4	लोक सेवा आयोग के गठन हेतु

	A.	B.	C.	D.
(अ)	1	2	3	4
(ब)	3	4	1	2
(स)	2	1	3	4
(द)	3	1	2	4

उत्तर - (द) 3 1 2 4

(33) क्रिप्स मिशन भारत कब आया था?
(अ) 1940 ई.
(ब) 1942 ई.
(स) 1943 ई.
(द) 1944 ई.
उत्तर - (ब) 1942 ई.

(34) प्रार्थना समाज की स्थापना किसने की थी?
(अ) केशवचंद्र सेन
(ब) स्वामी विवेकानंद
(स) आत्माराम पाण्डुरंग
(द) स्वामी दयानंद सरस्वती
उत्तर - (स) आत्माराम पाण्डुरंग

(35) निम्न में से किसने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की थी?
(अ) महादेव गोविंद रानाडे
(ब) आर.जी. भण्डारकर
(स) स्वामी विवेकानंद
(द) ज्योतिबा फुले
उत्तर - (द) ज्योतिबा फुले

(36) 'इण्डियन एसोसिएशन' की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1876 ई. (ब) 1884 ई.
(स) 1866 ई. (द) 1851 ई.
उत्तर - (अ) 1876 ई.

(37) बंगाल विभाजन को रद्द करके कलकत्ता से दिल्ली राजधानी कब स्थानान्तरित की गई?
(अ) 1911 ई. (ब) 1912 ई.
(स) 1913 ई. (द) 1914 ई.
उत्तर - (ब) 1912 ई.

(38) निम्न में से किसे गांधी जी ने 'उत्तरांकित तिथि का चेक' (पोस्ट डेटेड चेक) कहा था?
(अ) वेवेल योजना
(ब) अगस्त प्रस्ताव
(स) क्रिप्स मिशन
(द) कैबिनेट मिशन
उत्तर - (स) क्रिप्स मिशन

(39) 'अखिल भारतीय किसान सभा' की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1935 ई. (ब) 1936 ई.
(स) 1937 ई. (द) 1938 ई.
उत्तर - (ब) 1936 ई.

(40) 'रैयतवाड़ी व्यवस्था' का प्रारंभ किसके द्वारा किया गया था?
(अ) मार्टिन वर्ड
(ब) लॉर्ड कार्नवालिस
(स) टॉमस मुनरो
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (स) टॉमस मुनरो

(41) 'इज़ारेदारी प्रथा' किस गवर्नर जनरल ने शुरू की थी?
(अ) लॉर्ड कार्नवालिस
(ब) सर जॉन शोर
(स) लॉर्ड वैलेजली
(द) वॉरेन हेस्टिंग्स
उत्तर - (द) वॉरेन हेस्टिंग्स

(42) निम्न में से किस वायसराय ने यंग हस्बैण्ड के नेतृत्व में अभियान दल को तिब्बत भेजा था?
(अ) लॉर्ड रिपन
(ब) लॉर्ड डफरिन
(स) लॉर्ड कर्जन
(द) लॉर्ड डलहौजी
उत्तर - (स) लॉर्ड कर्जन

(43) बर्मा को भारत से कब पृथक किया गया?
(अ) 1918 ई. (ब) 1935 ई.
(स) 1947 ई. (द) 1948 ई.
उत्तर - (ब) 1935 ई.

(44) 'रोलेट एक्ट' किस सन् में पारित किया गया था?
(अ) 1918 ई.
(ब) 1920 ई.
(स) 1921 ई.
(द) 1919 ई.
उत्तर - (द) 1919 ई.

(45) 1 संघीय न्यायालय की स्थापना
2 केंद्रीय बैंक की स्थापना
3 उड़ीसा एवं सिंध नामक दो नए प्रांतों का गठन
उपरोक्त तथ्यों का संबंध किस अधिनियम से है।
(अ) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(ब) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(स) भारतीय परिषद अधिनियम, 1909
(द) स्वतंत्रता अधिनियम, 1947
उत्तर - (अ) भारत सरकार अधिनियम, 1935

(46) 1919 अधिनियम के अंतर्गत द्वैध शासन प्रणाली में कानून एवं व्यवस्था, वित्त, भू-राजस्व, सिंचाई आदि विषय किसमें शामिल थे?
(अ) हस्तांतरित विषय
(ब) आरक्षित विषय
(स) ब्रिटिश संसद द्वारा निर्णय
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) आरक्षित विषय

(47) श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा 'इण्डिया हाउस' की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1902 ई.
(ब) 1903 ई.
(स) 1904 ई.
(द) 1905 ई.
उत्तर - (द) 1905 ई.

(48) निम्न में से किस क्रांतिकारी ने 'कर्नल विलियम कर्जन वाइली' की गोली मारकर हत्या कर दी थी?
(अ) प्रफुल्ल चाकी
(ब) खुदीराम बोस
(स) मदनलाल ढींगरा
(द) रासबिहारी बोस
उत्तर - (स) मदनलाल ढींगरा

(49) 'न्यू इण्डिया तथा कॉमन वील' नामक पत्र का प्रकाशन किसने किया था?
(अ) मदनमोहन मालवीय
(ब) एनी बेसेंट
(स) जॉर्ज अरूण्डेल
(द) महात्मा गांधी
उत्तर - (ब) एनी बेसेंट

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

सामान्य - गणित

1. 9.20 रुपये प्रति किग्रा वाले चावल को 11.80 रुपये प्रति किग्रा वाले चावल के साथ किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण का मूल्य 10.76 रुपये प्रति किग्रा हो जाये?
(a) 3 : 4 (b) 2 : 3
(c) 1 : 2 (d) 4 : 3

उत्तर- (b) 2 : 3

व्याख्या- माना 9.20 रुपये प्रति किग्रा वाले चावल की मात्रा 'a' और 11.80 रुपये प्रति किग्रा चावल की मात्रा 'b' है।
दिया है, मिश्रण का मूल्य = 10.76 रुपये प्रति किग्रा
$\therefore 9.20 \times a + 11.80 \times b = 10.76 (a + b)$
$\Rightarrow 1.04b = 1.56a$
$\Rightarrow a : b = 2 : 3$

2. वृत्त के क्षेत्रफल में 22 सेंटीमीटर^2 की वृद्धि हो गई जब त्रिज्या में 1 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई। मूल त्रिज्या क्या थी?
(a) 9 सेंटीमीटर (b) 5 सेंटीमीटर
(c) 7 सेंटीमीटर (d) 3 सेंटीमीटर

उत्तर- (d) 3 सेंटीमीटर

व्याख्या- माना कि वृत्त की त्रिज्या r सेंटीमीटर
वृत्त की नई त्रिज्या = (r + 1)
जैसा कि हम जानते हैं,
वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi r^2$
प्रश्नानुसार
$\pi (r + 1)^2 - \pi r^2 = 22$
$\Rightarrow \pi [(r+1)^2 - r^2] = 22$
$\Rightarrow (22/7)[r^2 + 1 + 2r - r^2] = 22$
$\Rightarrow (1 + 2r) = 7$
$\Rightarrow 2r = 7 - 1$
$\Rightarrow r = 6/2, \therefore r = 3$ सेंटीमीटर

3. एक घड़ी 20% के लाभ पर बेची जाती है। यदि लागत मूल्य और विक्रय मूल्य दोनों 100 रुपये घटा दिया जाए, तो लाभ 5% अधिक होगा। घड़ी का वास्तविक लागत मूल्य ज्ञात कीजिए?
(a) 550 रुपये (b) 450 रुपये
(c) 600 रुपये (d) 500 रुपये

उत्तर- (d) 500 रुपये

व्याख्या- माना कि वस्तु का लागत मूल्य $100x$ रुपये है
वस्तु का विक्रय मूल्य $= 100x \times (120/100)$
$= 120x$ रुपये
प्रश्नानुसार
$(100x - 100) \times (125/100) = (120x - 100)$
$\Rightarrow (x - 1)\ 125 = 120x - 100$
$\Rightarrow 125x - 125 = 120x - 100$
$\Rightarrow 125x - 120x = 125 - 100$
$\Rightarrow 5x = 25$
$\Rightarrow x = 25/5, x = 5$
$\therefore$ वस्तु का लागत मूल्य $= 100 \times 5 = 500$ रुपये

4. यदि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से समायोजित है। तो 18 महीने के लिए 40% प्रतिवर्ष की दर से 18500 रुपये की राशि पर चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिये?
(a) 15469 रुपये (b) 13468 रुपये
(c) 16000 रुपये (d) 16280 रुपये

उत्तर- (b) 13468 रुपये

व्याख्या- p = 18,500, r = 40% और
समय = 18 महीना
यदि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से समायोजित होता है, तो
r = 40/2 = 20% और t = 18/6 = 3
जैसा कि हम जानते हैं,
$A = P(1+r/100)^t$
$\Rightarrow A = 18500\ (1 + 20/100)^3$
$\Rightarrow A = 18500 \times (6/5) \times (6/5) \times (6/5)$
$\Rightarrow A = 31,968$
$\Rightarrow CI = 31,968 - 18,500 = 13,468$

5. नौकरी करने में P, Q, R और S की दक्षताएँ 2 : 3 : 5 : 4 के अनुपात में हैं। नौकरी के लिए भुगतान की गई मजदूरी 4200 रुपये है। सबसे अधिक राशि का भुगतान किसे किया जाता है और कितना भुगतान किया जाना है?
(a) R, 1500 रुपये (b) P, 2000 रुपये
(c) S, 1600 रुपये (d) R, 2000 रुपये

उत्तर- (a) R, 1500 रुपये

व्याख्या- कुल मजदूरी = 4200 रुपये
नौकरी करने में P, Q, R और S की दक्षताओं का अनुपात = 2 : 3 : 5 : 4
R को सबसे अधिक राशि का भुगतान किया जाता है तो R की मजदूरी $= 4200 \times (5/14) = 1500$

6. 40 रुपये में 8 पेन खरीदे जाते हैं और 40 रुपये में 6 पेन बेच दिये जाते हैं। लाभ या हानि ज्ञात कीजिये?
(a) 33.33% का लाभ
(b) 20% का लाभ
(c) 40% का लाभ
(d) 30% की हानि

उत्तर- (a) 33.33% का लाभ

व्याख्या- 8 पेन का लागत मूल्य = 40 रुपये
अतः 1 पेन का लागत मूल्य = 40/8 = 5 रुपये
6 पेन का विक्रय मूल्य = 40 रुपये
अतः, 1 पेन का विक्रय मूल्य = 40/6
= 20/3 रुपये
लागत मूल्य और विक्रय मूल्य = अनुपात = 5 : 20/3 = 3 : 4
माना कि लागत मूल्य 3 इकाई और विक्रय मूल्य = 4 इकाई
लाभ = 4 - 3 = 1
$\therefore$ लाभ प्रतिशत $= (1/3) \times 100 = 33.33\%$

7. 13+14+.....+20 का मान क्या है?
(a) 136 (b) 152
(c) 132 (d) 144

उत्तर- (c) 132

व्याख्या- समान्तर श्रेणी हेतु
यदि पदों का योग = S_n और श्रेणी का पहला पद = a, सार्वअंतर = d और n = पदों की संख्या

$$\Rightarrow Sn = \frac{n}{2}(2a + (n-1)d)$$

उपयुक्त प्रश्न समान्तर श्रेणी का है,
a = 13, d = 1
$\Rightarrow a_n = a + (n-1)d$
$\Rightarrow 20 = 13 + (n-1)1$
$\Rightarrow n = 8$
$\Rightarrow S_8 = (8/2) \times [(2 \times 13) + (8 - 1) \times 1]$
$\Rightarrow S_8 = 4 \times [26 + 7]$
$\Rightarrow S_8 = 4 \times 33$
$\Rightarrow S_8 = 132$

8. यदि एक चतुर्भुज ABCD की भुजाएँ वृत्त को स्पर्श करती हैं और AD = 4 सेमी, CD = 5 सेमी, BC = 7 सेमी है, तो AB की लम्बाई क्या है?
(a) 5 सेमी (b) 6 सेमी
(c) 7 सेमी (d) 9 सेमी

उत्तर- (b) 6 सेमी

व्याख्या- माना कि P, Q, R, S वे विंदुए हैं जहाँ वृत्त चतुर्भुज को स्पर्श करता है। वृत्त के बाहर एक विंदु से वृत्त पर खींची गई दो स्पर्श रेखाएं बराबर होती हैं।
AP = AS, BP = BQ, CR = CQ और DR = DS
AP + BP + CR + DR = AS + BQ + CQ + DS
को जोड़ने पर
AB + CD = AD + BC
AB + 5 = 4 + 7
AB = 6 सेमी

9. एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $49\sqrt{3}$ सेमी^{2} है। इसकी भुजा (सेमी में) ज्ञात कीजिये?
(a) 7 (b) 14
(c) 28 (d) 42

उत्तर- (b) 14

व्याख्या- हम जानते हैं, एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \sqrt{3}/4 \times a^2$
$\Rightarrow \sqrt{3}/4 \times a^2 = 49\sqrt{3}$
$\therefore$ त्रिभुज की भुजा (a) = 14

10. कुछ राजगीरों ने एक कार्य को 10 दिनों में पूरा करने का वादा किया लेकिन उनमें से 8 अनुपस्थित थे शेष ने कार्य को 18 दिनों में पूरा किया। राजगीरों की वास्तविक संख्या कितनी थी?
(a) 10 (b) 21
(c) 15 (d) 18

उत्तर- (d) 18

व्याख्या- माना राजगीरों की संख्या x है।
लिया गया समय = 10 दिन
अब, जैसा कि 8 राजगीर अनुपस्थित थे,
राजगीरों की संख्या = (x - 8)
लिया गया समय = 18
अब, जैसा कि पूरा किया गया कार्य है
$\Rightarrow x \times 10 = (x - 8) \times 18$
$\Rightarrow 10x = 18x - 144$
$\Rightarrow 8x = 144$
$\Rightarrow x = 18$
$\therefore$ राजगीरों की वास्तविक संख्या = 18

11. एक आयत की लम्बाई और चौड़ाई क्रमशः 21 सेमी और 20 सेमी है। उसका क्षेत्रफल (सेमी में) ज्ञात कीजिये?
(a) 420 (b) 840
(c) 80 (d) 160

उत्तर- (a) 420

व्याख्या- दिया गया है आयत की लम्बाई और चौड़ाई क्रमशः 21 सेमी और 20 सेमी है।
$\Rightarrow$ आयत का क्षेत्रफल = लम्बाई $\times$ चौड़ाई
$= 21 \times 20 = 420$ सेमी^{2}
$\therefore$ आवश्यक क्षेत्रफल = 420

12. 70 किमी/घंटे की चाल से चलने वाली 105 मीटर लम्बी ट्रेन किसी निश्चित सिग्नल पोस्ट को पार करने में कितना समय लेगी?
(a) 305 सेकंड (b) 405 सेकंड
(c) 5 सेकंड (d) 5.4 सेकंड

उत्तर- (d) 5.4 सेकंड

व्याख्या- ट्रेन की लम्बाई = 105 मी
चाल = 70 किमी/घंटा $= (70 \times 1000)/3600$
$= 175/9$ मी/सेकंड
निश्चित सिग्नल पोस्ट को पार करने में तय की गई दूरी = ट्रेन की लम्बाई = 105 मी
$\therefore$ सिग्नल पोस्ट को पार करने में लगा समय = 105/(175/9) = 5.4 सेकंड

13. 320 घन सेमी मिश्रण में पानी और ग्लिसरीन का अनुपात 1 : 3 है। मिश्रण में पानी की कितनी मात्रा (घन सेमी में) मिलायी जानी चाहिए ताकि पानी और ग्लिसरीन की मात्रा का अनुपात 2 : 3 हो जाये?
(a) 55 (b) 80
(c) 62.5 (d) 64

उत्तर- (b) 80

व्याख्या- माना कि मिलाया जाने वाला पानी x घन सेमी है।
$\Rightarrow$ पिछले मिश्रण में पानी की मात्रा $= 320 \times (1/4)$
$= 80$
$\Rightarrow x$ घन सेमी मिलाने के बाद पानी की मात्रा $(80 + x)$ हो जाती है
$\Rightarrow$ ग्लिसरीन की मात्रा $= 320 \times (3/4) = 240$
$\Rightarrow$ नया अनुपात $= (80 + x)/240$
$\Rightarrow (80 + x)/240 = 2/3$
$\Rightarrow (80 + x) = 160$
$\therefore x = 80$

14. एक कार 50 किमी/घंटा की गति से चल रही है। एक ट्रक जो कार से 10 किमी की दूरी पर है कार के विपरीत दिशा की ओर 70 किमी/घंटा की गति से चल रहा है तो वे कितने समय बाद मिलेंगे?
(a) 2 मिनट (b) 3 मिनट
(c) 5 मिनट (d) 6 मिनट

उत्तर- (c) 5 मिनट

व्याख्या- चूँकि कार और ट्रक विपरीत दिशा में चल रहे हैं, तो
उनकी संबंधित गति = उनकी स्वतंत्र गतियों का योग = 50 + 70 = 120 किमी/घंटा
तय की गयी दूरी = 10 किमी
$\therefore$ समय जिसके बाद वे मिलेंगे = 10/120 = 1/12 घंटा = 60/12 = 5 मिनिट

15. 16750 रुपये की धनराशि को A, B, C और D के बीच में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A और B द्वारा प्राप्त धनराशि का अनुपात 3 : 2, B और C का अनुपात 5 : 6, C और D का अनुपात 2 : 5 होता है। A और D द्वारा प्राप्त धनराशियों में अंतर ज्ञात कीजिये?
(a) 3250 रुपये (b) 3750 रुपये
(c) 3500 रुपये (d) 4200 रुपये

उत्तर- (b) 3750 रुपये

व्याख्या- A : B = 3 : 2, B : C = 5 : 6 और C : D = 2 : 5 अनुपात को समग्र अनुपात में परिवर्तित करने पर :
$A : B : C : D = (3 \times 10) : (2 \times 10) : (6 \times 4) : (5 \times 12)$
$\Rightarrow A : B : C : D = 15 : 10 : 12 : 30$
कुल धनराशि = 16750 रुपये
$\therefore$ A और D द्वारा प्राप्त धनराशियों में अंतर $= [(30 - 15)/67] \times 16750 = 3750$ रुपये

16. यदि वर्ग की भुजा 6% बढ़ा दी जाए, तो इसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी?
(a) 13.5 (b) 12.04
(c) 12.12 (d) 12.36

उत्तर- (d) 12.36

व्याख्या- $\Rightarrow$ माना वर्ग की भुजाएँ 100 सेमी हैं।
$\Rightarrow$ वर्ग का क्षेत्रफल $= 100 \times 100 = 10000$ सेमी^{2}
$\Rightarrow$ जैसा कि वर्ग की भुजा 6% बढ़ा दी जाए, भुजा का नया मान = 100 + (100 का 6%) = 100 + 6 = 106 सेमी
$\Rightarrow$ वर्ग का नया क्षेत्रफल $= 106 \times 106 = 11236$ सेमी^{2}
$\Rightarrow$ क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि = [(अंतिम क्षेत्रफल - वास्तविक क्षेत्रफल)/वास्तविक क्षेत्रफल] $\times$ 100%
$\Rightarrow [(11236 - 10000)/10000] \times 100\%$
$= 12.36\%$

17. एक अर्द्ध वृत्त का क्षेत्रफल 1925 वर्ग सेमी है, तो उसकी त्रिज्या (सेमी में) ज्ञात कीजिए?
(a) 70 (b) 31
(c) 62 (d) 35

उत्तर- (d) 35

व्याख्या- हम जानते हैं कि अर्द्ध वृत्त का क्षेत्रफल $= (1/2) \times \pi \times$ त्रिज्या^{2}
$\Rightarrow 1925 = (1/2) \times (22/7) \times$ त्रिज्या^{2}
$\Rightarrow$ त्रिज्या$^2 = 1225$
$\therefore$ त्रिज्या $= 35$

18. यदि बहुभुज के अन्तः कोणों का योगफल 1710 डिग्री है। तब बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए?
(a) 8 (b) 9
(c) 10 (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (d) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- बहुभुज के अन्तः कोणों का योगफल = 180 (n - 2) जहां 'n' बहुभुज की भुजाओं की संख्या है
$\Rightarrow 180 (n - 2) = 1710$
$\Rightarrow (n - 2) = 1710/180$
$\Rightarrow (n - 2) = 9.5$
$\Rightarrow n = 11.5$
बहुभुज की भुजाओं की संख्या दशमलव अंक नहीं हो सकती
$\therefore$ इनमें से कोई भी विकल्प सही नहीं है।

19. यदि एक वर्ग का विकर्ण 10 सेमी है, तो इस वर्ग का क्षेत्रफल (सेमी^{2} में) क्या होगा?
(a) $50\sqrt{2}$ (b) 50
(c) $25\sqrt{2}$ (d) 25

उत्तर- (b) 50

व्याख्या- हम जानते हैं कि,
वर्ग का विकर्ण $= \sqrt{2} \times$ भुजा
$\Rightarrow 10 = \sqrt{2} \times$ भुजा
भुजा $= 10/\sqrt{2}$
वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा$^2 = \left(10/\sqrt{2}\right)^2 = 50$

20. यदि (4y + 72)° और (33 + y)° संपूरक कोण हैं तो, y ज्ञात कीजिए?
(a) 15° (b) -3°
(c) -7° (d) 10°

उत्तर- (a) 15°

व्याख्या- दी गई जानकारी से
हम जानते हैं कि दो संपूरक कोणों का योग = 180°
$\Rightarrow (4y + 72) + (33 + y) = 180°$
$\Rightarrow 5y + 105 = 180°$
$\Rightarrow 5y = 75°$
$\Rightarrow y = 15°$

21. यदि एक बहुभुज के तीन बाहरी कोण x, 102.5°, 96.5° हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए?
(a) 19° (b) 109°
(c) 161° (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (c) 161°

व्याख्या- हम जानते हैं,
एक बहुभुज के तीन बाहरी कोणों का योग = 360°
$\Rightarrow x + 102.5° + 96.5° = 360°$
$\Rightarrow x + 199° = 360°$
$\Rightarrow x = 360° - 199°$
$\Rightarrow x = 161°$, $\therefore$ x का मान 161° है।

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

खेल चर्चा

हैमिल्टन बने बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर

नई दिल्ली, ब्रिटेन के दिग्गज फॉर्मूला वन रेसर लुईस हैमिल्टन को बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर चुना गया है। हैमिल्टन को दूसरी बार यह पुरस्कार मिला है। इससे पहले वर्ष 2014 में भी हैमिल्टन ने यह पुरस्कार अपने नाम किया था। इस बार हैमिल्टन ने फुटबॉलर जोर्डन हैंडरसन और महिला घुड़सवार होली डोयले को पछाड़कर यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड हासिल किया। इस वर्ष हैमिल्टन का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। हैमिल्टन ने कुछ दिन पहले ही सातवीं बार फॉर्मूला वन चैम्पियनशिप जीतकर पूर्व चैम्पियन माइकल शूमाकर के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

कानेलो अल्वारेज बने सुपर मिडिलवेट वर्ल्ड चैम्पियन

सेन एंटोनियो, मैक्सिको के पेशेवर मुक्केबाज कानेलो अल्वारेज सुपर मिडिलवेट वर्ग के विश्व चैम्पियन बन गए हैं। अल्वारेज ने डब्ल्यूबीओ सुपर मिडिलवेट चैम्पियनशिप में ब्रिटेन के कैलम स्मिथ को हराकर यह खिताब हासिल किया। अल्वारेज ने स्मिथ को 12 राउंड की फाइट में हराया। मुकाबले में तीनों जजों ने अल्वारेज के पक्ष में 119-109, 119-109 और 117-111 से निर्णय दिया। अल्वारेज ने अब तक 57 फाइट लड़ी हैं, इनमें से 54 में उन्हें जीत, 2 ड्रॉ तथा एक में हार मिली है। वहीं स्मिथ के कॅरियर की यह पहली हार है। स्मिथ ने 28 में से 27 फाइट जीती हैं।

ऑस्ट्रेलिया के साथ डे-नाइट टेस्ट मैच खेलेगा अफगानिस्तान

काबुल, अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम नवम्बर 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट मैच खेलेगी। यह टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। यह मैच नवम्बर 2020 में खेला जाने वाला था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहमतुल्लाह कुरैशी ने बताया कि वर्ष 2021 में हम ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टेस्ट टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान को वर्ष 2017 में टेस्ट टीम का दर्जा मिला था। अफगानिस्तान ने अब तक 4 टेस्ट मैच खेले हैं, इनमें उसे 2 में जीत तथा 2 में हार का सामना करना पड़ा है।

मोहम्मद आमिर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

कराची, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 28 वर्षीय आमिर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी), टीम प्रबंधन और कोचिंग स्टाफ पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाकर सभी फॉर्मेट से संन्यास लिया है। हालांकि पीसीबी ने आमिर के फैसले को निजी फैसला करार दिया और कहा कि आमिर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने से इंकार किया है, बोर्ड उनके फैसले का सम्मान करता है। आमिर ने 17 वर्ष की आयु में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। आमिर वर्ष 2009 में ट्वेंटी-20 विश्वकप तथा वर्ष 2017 में चैम्पियन ट्रॉफी जीतने वाली पाकिस्तानी टीम का हिस्सा रहे हैं। वर्ष 2010 में आमिर मैच फिक्सिंग में दोषी पाए गए थे।

एटीपी पुरस्कार

जोकोविच, फेडरर और नडाल ने हासिल किए शीर्ष पुरस्कार

लंदन, पुरुष टेनिस की सर्वोच्च संस्था एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) ने वर्ष 2020 के एटीपी पुरस्कारों की घोषणा की है। सर्बिया के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच, रोजर फेडरर और राफेल नडाल जैसे दिग्गज खिलाड़ी शीर्ष पुरस्कार हासिल करने में सफल रहे हैं।

विश्व के नंबर वन खिलाड़ी हैं जोकोविच

इस वर्ष नोवाक जोकोविच का प्रदर्शन बेहद लाजवाब रहा है। जोकोविच ने छठवीं बार एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान के साथ साल का अंत किया है। इस मामले में जोकोविच ने अमेरिका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी पीट सैम्प्रास के रिकॉर्ड की बराबरी की है। जोकोविच को सिंगल्स में एटीपी नंबर वन पुरस्कार दिया गया है। जोकोविच ने वर्ष 2020 में ऑस्ट्रेलियन ओपन सहित कुल चार खिताब जीते हैं। जोकोविच यूएस ओपन में भी खिताब के प्रबल दावेदार थे, लेकिन क्वार्टर फाइनल में ही बाहर हो गये थे। इसके अलावा जोकोविच एटीपी रैंकिंग में नंबर वन खिलाड़ी के रूप में 300 सप्ताह पूरे कर चुके हैं।

फेडरर को मिला फैंस फेवरेट पुरस्कार

स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर को सिंगल कैटेगरी में फैंस फेवरेट पुरस्कार से नवाजा गया है। फेडरर को लगातार 18वें साल इस पुरस्कार के लिये चुना गया है। फेडरर मौजूदा दौर में सबसे महान टेनिस खिलाड़ी माने जाते हैं। फेडरर ने अब तक 20 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। वहीं फेडरर के चिर प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल को स्टीफन एडबर्ग खेल भावना पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

कार्लोस बने सर्वश्रेष्ठ नवोदित खिलाड़ी

एटीपी ने स्पेन के 17 वर्षीय युवा खिलाड़ी कार्लोस एल्काराज को सर्वश्रेष्ठ नवोदित खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा है। इस वर्ष कार्लोस का प्रदर्शन शानदार रहा है। कार्लोस ने इस वर्ष एटीपी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाते हुये कॅरियर की सर्वोच्च 136वीं रैंक हासिल की। कार्लोस ने इस वर्ष 3 एटीपी चैलेंजर टूर ट्रॉफी भी जीती हैं। इसके अलावा कनाडा के खिलाड़ी वासेक पोसपिसिल को एटीपी कमबैक प्लेयर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2019 में वैक सर्जरी के कारण खेल से दूर रहे पोसपिसिल ने इस वर्ष शानदार वापसी की है।

ये भी हुये सम्मानित

एटीपी अवॉर्ड्स में रूस के आंद्रे रूबलेव को मोस्ट इम्प्रूव प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। रूबलेव ने इस वर्ष 5 एटीपी खिताब जीते हैं। वहीं रूबलेव के कोच फर्नांडो विसेंट को एटीपी कोच ऑफ द ईयर का पुरस्कार प्रदान किया गया। नस्लवाद के खिलाफ आवाज उठाने वाले फ्रांसिस टियाफो को ऑर्थर एश ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड से नवाजा गया है। टियाफो ने अमेरिका में जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद ब्लैक टेनिस कम्यूनिटी को एकजुट करने के लिये रैकेट डाउन-हैंड्स अप वीडियो लॉन्च किया था।

लियोनेल मेसी ने तोड़ा पेले का विश्व रिकॉर्ड

बार्सिलोना, अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने फुटबॉल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मेसी ने एक फुटबॉल क्लब से खेलते हुए सबसे ज्यादा गोल करने का ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी पेले का रिकॉर्ड तोड़ा है। मेसी ने यह उपलब्धि स्पेनिश लीग ला लीगा में बार्सिलोना की ओर से खेलते हुए वाल्लाडोलिड के खिलाफ मैच में हासिल की। मेसी ने बार्सिलोना के लिए 644 गोल किये हैं। वहीं पेले ने ब्राजील के क्लब सांतोस के लिए 19 सत्रों में 643 गोल किए हैं। मेसी बार्सिलोना के लिए वर्ष 2004 से खेल रहे हैं।

मोहम्मद वसीम बने पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता

लाहौर, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मोहम्मद वसीम को पाकिस्तान क्रिकेट टीम का नया मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है। वसीम की नियुक्ति वर्ष 2023 के वन-डे विश्वकप तक के लिए है। पीसीबी के चेयरमैन एहसान मनी ने वसीम की नियुक्ति का ऐलान किया। वसीम इससे पहले मिस्बाह उल हक के नेतृत्व वाली चयन समिति का हिस्सा थे। मिस्बाह पर कोच और मुख्य चयनकर्ता की दोहरी जिम्मेदारी थी। मिस्बाह ने कुछ दिन पहले ही मुख्य चयनकर्ता का पद छोड़ा था।

मोहम्मद वसीम ने वर्ष 1996 से लेकर वर्ष 2000 तक पाकिस्तान के लिए 18 टेस्ट और 25 वन-डे मैच खेले हैं। वसीम का पहला काम जनवरी 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट और 3 ट्वेंटी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम का चयन करना होगा।

मुक्केबाजी विश्वकप

भारत ने जीते नौ पदक

कोलोन, भारतीय मुक्केबाजों ने जर्मनी में आयोजित मुक्केबाजी विश्वकप में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय मुक्केबाजों ने तीन स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीते हैं। भारत ने पदक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया है।

अमित ने जीता स्वर्ण पदक

टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक अनुभवी मुक्केबाज अमित पंघाल ने जीता। अमित ने सेमीफाइनल में फ्रांसीसी मुक्केबाज बिलाल बेननमा को हराकर 52 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में जर्मनी के अरगिस्टी टर्टरयान ने अमित को वाकओवर दे दिया। भारत के लिए मनीषा मौन और सिमरनजीत कौर ने भी स्वर्ण पदक जीते हैं। मनीषा ने 57 किलोग्राम भारवर्ग में अपनी हमवतन साक्षी चौधरी को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, वहीं 60 किलोग्राम भारवर्ग में सिमरनजीत कौर ने जर्मनी की माया किलिहास को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। टूर्नामेंट में साक्षी चौधरी और सतीष कुमार ने भारत के लिए रजत पदक जीते। वहीं सोनिया लाठेर, पूजा रानी, गौरव सोलंकी और मोहम्मद हसमुद्दीन ने भारत को कांस्य पदक दिलाए।

- **टूर्नामेंट में जर्मनी ने सर्वाधिक 16 पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया।**
- **टूर्नामेंट में भारत और जर्मनी के अलावा बेल्जियम, क्रोएशिया, डेनमार्क, फ्रांस, नीदरलैंड, पोलैंड, माल्डोवा और यूक्रेन के मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था।**

ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से जीता पहला टेस्ट मैच

एडिलेड, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में खेला गया डे-नाइट टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से जीत लिया है। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है।

मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 244 रन बनाये। भारत के लिये कप्तान विराट कोहली ने सर्वाधिक 74, चेतेश्वर पुजारा ने 43 तथा अजिंक्य रहाणे ने 42 रनों की पारी खेली। भारत को सस्ते में समेटने के बाद भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पहली पारी में बढ़त लेने में नाकाम रहे। भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को 191 रनों पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया कप्तान टिम पेन (73) और मार्नस लाबुशेन (47) ही बड़ी पारी खेल सकें।

पहली पारी में 53 रनों की बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम दूसरी पारी में फ्लॉप रही। भारतीय टीम महज 36 रन पर ऑल आउट हो गई। यह टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका। ऑस्ट्रेलिया टीम ने जीत के लिये मिले 90 रनों के लक्ष्य का आसानी से पीछा किया और 21 ओवरों में 2 विकेट गवांकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

पहले टेस्ट मैच में मोहम्मद शमी चोटिल हो गये हैं। चोट के कारण शमी सीरीज के बाकी बचे तीन मैचों से बाहर हो गये हैं। ऐसे में टीम को तीसरे तेज गेंदबाज की कमी खल सकती है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शामिल किए गए चार नए खेल

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने हरियाणा में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 में चार स्वदेशी खेलों को शामिल करने को मंजूरी दी है। इन खेलों में गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता और मलखम्ब शामिल हैं।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री किरेन रिजीजू ने कहा कि भारत में स्वदेशी खेलों की एक समृद्ध विरासत है और इन खेलों को संरक्षित करना, प्रोत्साहन देना और लोकप्रिय बनाना खेल मंत्रालय की प्राथमिकता है। खेलो इंडिया गेम्स से बेहतर दूसरा कोई मंच नहीं है, जहां इन खेलों के खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकें। मुझे विश्वास है कि 2021 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में योगासन के साथ ये चार प्रतिस्पर्धाएं देश के दर्शकों और युवाओं का अपनी ओर अधिक ध्यान आकर्षित करेंगी। आने वाले वर्षों में हम खेलो इंडिया गेम्स में और अधिक स्वदेशी खेलों को शामिल करने में सक्षम होंगे।

ये चार चयनित खेल देश के अलग-अलग हिस्सों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कलारीपयट्टू की उत्पत्ति केरल में हुई है और इसे खेलने वाले पूरे विश्व में हैं। वहीं मलखम्ब को मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में अच्छी तरह से जाना जाता है। महाराष्ट्र इस खेल का मुख्य केंद्र है। गतका खेल का संबंध पंजाब से है और यह निहंग सिख योद्धाओं की पारंपरिक लड़ाई शैली है। वे इसका उपयोग आत्म-रक्षा के साथ-साथ खेल के रूप में भी करते हैं। थांग-ता मणिपुर की एक मार्शल आर्ट है, जो पिछले कुछ दशकों के दौरान लुप्त होती जा रही है, लेकिन खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 की मदद से इसे एक बार फिर राष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि खेल मंत्रालय ने भारतीय प्राचीन मार्शल आर्ट गतका को खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शामिल किया है। हमें विश्वास है कि खेलो इंडिया का यह प्रयास निश्चित तौर पर लुप्त होती जा रही एक ऐतिहासिक महत्व रखने वाली भारतीय पारंपरिक मार्शल आर्ट को बढ़ावा देने और पुनर्जीवित करने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त यह कदम देश के साथ-साथ विदेशों में जागरूकता पैदा करने के लिए नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रयासों को बढ़ावा देगा।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने जीता गोल्डन फुट पुरस्कार

मोनाको, पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को साल के गोल्डन फुट पुरस्कार से नवाजा गया है। रोनाल्डो को यह पुरस्कार पिछले और मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया है। रोनाल्डो ने पिछले सत्र में सीरी-ए, चैम्पियंस लीग, इटैलियन कप और सुपर कप में 46 मैचों में 37 गोल दागे हैं, जबकि इस सत्र में उन्होंने अब तक 12 गोल किए हैं। रोनाल्डो ने पुरस्कार मिलने के बाद कहा कि मैं यह सम्मान हासिल कर बहुत खुश हूँ। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार किसी भी खिलाड़ी को उसके कॅरियर में एक बार ही मिलता है। यह पुरस्कार उन खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिनकी उम्र कम से कम 28 साल हो और वे पेशेवर फुटबॉल में सक्रिय हो। रोनाल्डो अपने फुटबॉल कॅरियर में पांच बार बेलोन डिओर पुरस्कार भी जीत चुके हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

अंटार्कटिका में पहुंचा कोरोना

अंटार्कटिका में भी कोरोना वायरस ने दस्तक दे दी है। यहां चिली के सैन्य और रिसर्च बेस में कोरोना मिला है। कोरोना

- **चिली के सैन्य और रिसर्च बेस में 36 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।**
- **माना जा रहा है कि चिली से आई डिलिवरी के साथ वायरस यहां पहुंचा है।**

पॉजिटिव लोगों में सैन्यकर्मी और ठेकेदार हैं जो मरम्मत का काम करते हैं। चिली की सेना के अनुसार गैर जरूरी स्टाफ को वापस बुला लिया गया है, जबकि वैज्ञानिकों को अलर्ट कर दिया गया है।

अभी तक अंटार्कटिका ही ऐसा कोना था जहां घातक कोरोना नहीं पहुंचा था। महामारी को देखते हुए पर्यटन पर भी रोक लगा दी गयी है।

इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल

विश्व स्तरीय वैज्ञानिक समाधान प्राप्त करने के लिए भारत के पास डेटा, जनसांख्यिकी, मांग और लोकतंत्र हैः प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (आईआईएसएफ) 2020 में उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारत के पास विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार में एक समृद्ध विरासत है। हमारे वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में पथप्रदर्शक रहे हैं। वैश्विक समस्याओं को हल करने में हमारा तकनीकी उद्योग सबसे आगे है। उन्होंने कहा हम अतीत को गर्व के साथ देखते हैं, लेकिन एक बेहतर भविष्य चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे सभी प्रयास भारत को वैज्ञानिक अध्ययन के लिए सबसे भरोसेमंद केन्द्र बनाने के उद्देश्य से हैं। साथ ही, हम चाहते हैं कि हमारा वैज्ञानिक समुदाय विश्व की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का सहभागी बने और आगे बढ़े। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति कम उम्र से वैज्ञानिक स्वभाव को प्रोत्साहन देने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि अब ध्यान व्यय से हटकर परिणाम में, पाठ्यपुस्तकों से लेकर शोध और प्रयोग में स्थानांतरित हो गया है। यह नीति शीर्ष गुणवत्ता वाले शिक्षकों का एक पूल बनाने को प्रोत्साहित करेगी। इस दृष्टिकोण से उदीयमान वैज्ञानिकों को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अटल

इनोवेशन मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का पूरक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के लिए सरकार प्रधानमंत्री रिसर्च फैलोज स्कीम चला रही है ताकि प्रतिभा और रुचि के अनुसार अनुसंधान करने के लिए देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना शीर्ष संस्थानों में वैज्ञानिकों की मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि इस विश्वस्तरीय शिक्षा, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी और ग्रामीण समाधानों को प्राप्त करने के लिए, आज के भारत के पास आंकड़े, जनसांख्यिकी और मांग है। इन सबसे ऊपर, भारत में इन सभी को संतुलित और संरक्षित करने के लिए लोकतंत्र है। यही कारण है कि दुनिया भारत पर भरोसा करती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार किए गए हैं ताकि हमारे युवाओं और निजी क्षेत्र को न केवल आकाश को, बल्कि गहरे अंतरिक्ष की ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि अब विज्ञान के सामने सबसे बड़ी चुनौती कोविड महामारी के लिए एक टीका हो सकती है, लेकिन विज्ञान के सामने सबसे बड़ी दीर्घकालिक चुनौती अधिक हुनर वाले युवाओं को आकर्षित करने और उन्हें बनाए रखने की है। उन्होंने कहा कि हमारे विज्ञान के क्षेत्र में अच्छी प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए, सरकार ने विभिन्न स्तरों पर छात्रवृत्ति की घोषणा की है, लेकिन इसके लिए विज्ञान समुदाय द्वारा भी इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान मिशन को लेकर उत्पन्न जोश युवाओं की दिलचस्पी को प्रदर्शित करने की एक शानदार शुरुआत थी।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक समुदाय से भारतीय प्रतिभा में निवेश करने और भारत में नव परिवर्तन करने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को बताया कि भारत के पास तीव्र बुद्धि है, खुलापन और पारदर्शिता की संस्कृति है। भारत सरकार किसी भी चुनौती को दूर करने और यहाँ के शोध वातावरण में सुधार के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विज्ञान व्यक्ति के भीतर छिपी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को बाहर लाता है और कुछ करने की क्षमता का उपयोग करता है। उन्होंने भारत को आगे बनाए रखने और कोरोना के खिलाफ लड़ाई में बेहतर स्थिति के लिए अपने वैज्ञानिकों की सराहना की।

एनटीपीसी ने सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार-2020 जीता

देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड को कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के क्षेत्र में प्रतिष्ठित सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार- 2020 दिया गया। एनटीपीसी को कॉरपोरेट उत्कृष्टता श्रेणी में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया है। वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित 15वें सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार-2020 समारोह में संस्था को यह पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार सीएसआर के क्षेत्र में सीआईआई-आईटीसी द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। एनटीपीसी एकमात्र सार्वजनिक

क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू) है, जिसने कॉरपोरेट उत्कृष्टता श्रेणी में इस पुरस्कार को प्राप्त किया है। एनटीपीसी ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार लगातार दूसरी बार प्राप्त किया है। इससे पहले साल 2019 में भी एनटीपीसी लिमिटेड को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

रूस में

राष्ट्रपति ने पूर्व राष्ट्रपतियों पर आजीवन मुकदमा नहीं चलाने वाले बिल पर किए हस्ताक्षर

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के पूर्व राष्ट्रपतियों पर आजीवन मुकदमा नहीं चलाने के बिल को अपनी स्वीकृति दे दी है।

- **राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही यह बिल अब रूस का कानून बन गया है।**

पुतिन ने रूस के पूर्व राष्ट्रपतियों पर कार्यालय छोड़ने के बाद आजीवन मुकदमा नहीं चलाने वाले बिल पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। पुतिन के हस्ताक्षर के बाद प्रकाशित हुए बिल में रूस के पूर्व राष्ट्रपतियों और उनके परिवार को जीवनकाल के दौरान किए गए किसी अपराध के लिए मुकदमे चलाये जाने से

छूट दी गई है।

इस बिल में पुलिस या जांचकर्ताओं की पूछताछ, तलाशी और गिरफ्तारी से छूट दी गई है। यह कानून इस साल गर्मियों में स्वीकृत किए गए संवैधानिक संशोधनों का हिस्सा है। जिसके तहत 68 साल के पुतिन वर्ष 2036 तक देश के राष्ट्रपति बने रहेंगे। इससे पहले के रूस के कानून में कहा गया था कि कार्यालय के दौरान किए गये किसी अपराध के लिए पूर्व राष्ट्रपतियों को मुकदमे से छूट होगी। ज्ञात रहे कि इस वक्त रूस के सिर्फ एक पूर्व राष्ट्रपति दमित्रि मेदवेदेव जीवित हैं, जिन्हें पुतिन के साथ नए कानून का भी लाभ मिलेगा।

नए कानून के तहत रूस के पूर्व राष्ट्रपति के साथ-साथ उनके परिवार के लोग भी पुलिस जांच और पूछताछ के दायरे से बाहर हो गए हैं। माना जा रहा है कि उनके इस फैसले को रूस की सभी राजनैतिक पार्टियां अपनी सहमति प्रदान कर देंगी।

हवाई के

किलाएवा ज्वालामुखी में जोरदार विस्फोट

हवाई के शुमार हवाई द्वीप का किलाएवा ज्वालामुखी जोरदार विस्फोट के साथ धधक उठा है। इससे पहले

- **दुनिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी में से एक किलाएवा में आग की लपटें दिखाई दे रही हैं।**
- **बड़े पैमाने पर राख और धुएं का गुबार फैला है।**
- **20 दिसंबर की रात किलाएवा चोटी के नीचे भूकंप आया था।**

किलाएवा चोटी के नीचे भूकंप आया था। रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की

तीव्रता 4.4 थी। ज्वालामुखी की राख की निगरानी करने वाली वाशिंगटन स्थित संस्था ने चेतावनी दी है कि ज्वालामुखी से उठी राख 30 हजार फुट तक ऊंची उठ सकती है। पूरे हवाई द्वीप पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए हैं। यात्री विमानों को अलर्ट कर दिया गया है। लावा निकलते रहने की वजह से आसपास लावा की झील बन गई है। हर घंटे इस झील का स्तर बढ़ता जा रहा है। किलाएवा ज्वालामुखी हवाई के ज्वालामुखी नेशनल पार्क में स्थित है। वर्ष 1952 से लेकर अब तक किलाएवा ज्वालामुखी 34 बार धधक चुका है। यह हवाई द्वीप पर सबसे कम उम्र का ज्वालामुखी है। विस्फोट के पहले ही विशेषज्ञों ने तेज आवाज के साथ ज्वालामुखी के फटने की संभावना जताई थी। साथ ही कहा था कि इसकी राख गुबार बन कर फैल सकती है।

चिली

बिना मास्क वाली सेल्फी लेने पर राष्ट्रपति पर लगा जुर्माना

पूरी दुनिया में फैल रहे कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए मास्क पहनना अनिवार्य है। ऐसे में चिली के राष्ट्रपति सेबेस्टिन पियनेरा ने बिना मास्क सेल्फी ले ली। तस्वीर वायरल होने पर उनके ऊपर कोरोना वायरस नियमों को तोड़ने के आरोप में 3500 डॉलर (257624 रुपये) का जुर्माना लगाया गया। बाद में पियनेरा ने सार्वजनिक रूप से खेद भी व्यक्त किया। ज्ञात रहे कि चिली में सार्वजनिक रूप से मास्क पहनने के बारे में सख्त नियम हैं। चिली में फेस मास्क न पहनना दंडनीय अपराध है। चिली में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पूरे

दक्षिण अमेरिका महाद्वीप (लैटिन अमेरिका) में सबसे ज्यादा कोरोना वायरस केस चिली में ही मिले हैं। अमेरिका में जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी की टैली के अनुसार चिली में अब तक 5,81,135 संक्रमित और 16,051 मौतें दर्ज की गई हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन और रूस की 103 संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन और रूस की 103 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। ट्रंप प्रशासन ने एक सूची जारी कर इस प्रतिबंध की घोषणा की है। इस सूची में वस्तुओं और टेक्नोलॉजी की एक विस्तृत श्रृंखला को खरीदने वाली कंपनियों को प्रतिबंधित किया गया है।

ज्ञात रहे कि पिछले महीने पहली बार

सूचना दी गई थी कि अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने उन प्रतिबंधित की जा रही कंपनियों की सूची तैयार की है।

जो चीन या रूस की सेना से जुड़ी हुई हैं। अंतिम सूची में 103 संस्थाओं का नाम है, जिसमें से 58 चीन की सेना से जुड़ी हैं और 45 संस्थान रूस की सेना से जुड़े हैं।

इससे पहले भी ट्रंप प्रशासन द्वारा आखिरी समय में उठाए गए कदम से दर्जनों चीन की कंपनियां अमेरिकी व्यापार ब्लैकलिस्ट में शामिल हो गई हैं।

इसमें चिपमेकर, एसएमआईसी और ड्रोन निर्माता एसजेड डीजेआई प्रौद्योगिकी कंपनी लिमिटेड भी शामिल है।

इराक में अमेरिकी दूतावास पर रॉकेट हमला

इराक के अति सुरक्षित (ग्रीन जोन) क्षेत्र में स्थित अमेरिकी दूतावास पर तीन रॉकेटों से हमला किया गया है। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार ईरान के जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के बाद नए सिरे से अशांति फैलने की आशंका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। दूतावास की सी-रैम रक्षा प्रणाली का उपयोग रॉकेटों को हवा में ही नष्ट करने के लिए किया गया। इस दौरान

संपत्ति और खड़ी कारों को नुकसान हुआ है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।